




खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र







Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | गुरुवार, 02 जनवरी, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-2

### भारत में क्लिनिकल-ट्रायल के नाम पर हो रहा आपराधिक कृत्य

### जमीन के बाद अब कोख को भी बंजर बनाने का कुचक्र

# सावधान! देश की नई नस्ल को बना रहे हैं बांझ

**राहुल दत्त**

**देहरादून, 01 जनवरी।** भारत में क्लिनिकल-ट्रायल के नाम पर आपराधिक कृत्य हो रहा है। देश की नई नस्ल को बांझ बनाने का कुचक्र चल रहा है। जिस तरह भारत की उपजाऊ जमीन को बंजर बनाया गया, उसी तरह भारत की माताओं की कोख को बंजर बनाने के लिए लड़कियों के शरीर पर तमाम दुष्प्रयोग किए जा रहे हैं, जिसे क्लिनिकल ट्रायल का नाम दिया जा रहा है।

देश की प्रजनन क्षमता को भयावह डिजाइनों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। इस साल के बजट सत्र के दौरान, केंद्रीय वित्त मंत्री ने सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन को यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम में शामिल किया। यह वैक्सीन पहले चरण में नौ से छब्बीस साल की लड़कियों को दी जाएगी। इसके बाद, यही वैक्सीन कम उम्र के लड़कों को भी दी जाएगी।

भारतीय एचपीवी वैक्सीन, सर्वावैक को टीकाकरण के लिए चुना गया है। 9 से 26 वर्ष की आयु के कम से कम 49 मिलियन युवा भारतीय हैं। सर्वावैक वैक्सीन की विशेषताओं का विवरण देने वाले ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को प्रस्तुत किए गए दस्तावेज के अनुसार, क्लिनिकल ट्रायल्स में केवल एक हज़ार पांच सौ तीस प्रतिभागी शामिल थे। दस्तावेज में कहा गया है कि प्रजनन क्षमता के संबंध में भावी क्लिनिकल अध्ययनों से कोई मानव डेटा उपलब्ध नहीं था। क्लिनिकल ट्रायल्स में 1,530 लोगों में से, 15 से 26 वर्ष की आयु की केवल 343 लड़कियों




**लड़कियों को जबरन लगाई जा रही एचपीवी वैक्सीन**

को यौन संबंधों के लिए शारीरिक रूप से परिपक्व माना जा सकता है। अन्य लड़कियां जब इसके लायक ही नहीं हैं तो उन्हें वैक्सीन ट्रायल के लिए कैसे चुन लिया गया?यह एक बड़ी आपराधिक भूल है क्योंकि एचपीवी वैक्सीन हमारे देश में आवश्यक आधिकारिक परीक्षणों से गुजरे बिना ही क्लिनिकल ट्रायल के लिए आ गई। आंध्र प्रदेश और गुजरात में सरकारी छात्रावासों में रहने वाली आदिवासी लड़कियों पर एचपीवी वैक्सीन के परीक्षणों के परिणामस्वरूप मासूम लड़कियों की मौत हो गई। गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के टीके के लिए क्लिनिकल परीक्षण केवल लड़कियों को दिए जाने वाले इंजेक्शन नहीं हैं। वे एक लड़की के सबसे निजी अंग की जांच करते हैं, वह भी उसकी सहमति के बगैर। नौ साल की लड़की जो क्लिनिकल परीक्षण और उसके निहितार्थों को बारे में समझ नहीं सकती, वह सहमति कैसे दे सकती है। यानी, परीक्षण के पहले ली जाने वाली सहमतियां बिल्कुल निरर्थक और गैरकानूनी हैं।

हमारे देश में बाल विवाह कानून द्वारा निषिद्ध है। भारत में नौ वर्ष की छोटी सी उम्र में लड़कियां यौन गतिविधियों में शामिल नहीं होती हैं। यह जानते हुए भी राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम पूरी आबादी को कवर कर रहा है। नौ वर्ष या उससे अधिक उम्र की लड़कियों को एचपीवी टीकाकरण में शामिल करना सरकार के आपराधिक कृत्य का क्रूर प्रमाण है। अठारह वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन को शामिल करने के लिए निर्णय लेने वालों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि टीकाकरण के कारण बच्चे पैदा करने की क्षमता समाप्त हो जाए तो पूरी पीढ़ी ▶10 पर

### मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने कांग्रेस को दिखाया आईना

# कांग्रेस का पुराना पाप है मणिपुर की हिंसा

**इंफाल, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने नए साल के मौके पर मणिपुर के लोगों से माफी तो मांगी है, लेकिन यह माफी कांग्रेस नेताओं के मुंह पर करारे तमाचे की तरह है। क्योंकि जिन्हें माफी मांगनी चाहिए थी, वे ओछी राजनीति की रोटी सेंक रहे हैं। मणिपुर हिंसा को लेकर चिल्लपों मचा रही कांग्रेस अपने पुराने पाप छुपाने की कोशिश कर रही है। मणिपुर की मौजूदा हालात के लिए एकमात्र कांग्रेस जिम्मेदार है, जिसने मणिपुर को देश से काटने की कोशिश की और इस कुचक्र में म्यांमार और बाहरी देशों के उग्रपंथियों को लाकर बसाया। मणिपुर के मूल वासियों के साथ बाहरी लोगों की भिड़ंत कराई, अफीम की खेती का फायदा उठाया और मणिपुर को काट कर अंतरराष्ट्रीय ड्रग



**मैंने हिंसा से प्रभावित और पीड़ित लोगों से माफी मांगी है**

**कांग्रेस को अपने पुराने पाप के लिए माफी मांगनी चाहिए**

कार्टेल के हाथों में सौंपने की साजिश रची। इन साजिशों ने सांस्कृतिक और सामाजिक सौहार्द के प्रतीक मणिपुर को विभेद और हिंसा का केंद्र बना दिया। मैइती और कुकी समुदायों के बीच का तनाव और गहरा गया। साल 2024 की शुरुआत ही हिंसा के साथ हुई, जब 1 जनवरी को थौबल जिले में प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के हमले में चार ग्रामीण मारे गए। यह घटना अवैध ड्रग व्यापार के पैसे से जुड़े विवाद से जुड़ी थी। इस हिंसा को कांग्रेस ने हवा दी और यह इस कदर फैल गई कि पांच घाटी जिलों में निषेधाज्ञा लगानी पड़ी। हिंसा में सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों लोग विस्थापित हुए।मणिपुर में हिंसा की हालत को लेकर पीएम मोदी को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रही कांग्रेस को मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने आईना दिखाया है। ▶10 पर

### सीएम बीरेन सिंह की माफी में नई शुरुआत की उम्मीद

**इंफाल, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** साल 2024 के दुखद दौर पर तकलीफ जताते हुए मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हिंसा से प्रभावित लोगों और पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना जताते हुए उनसे माफी मांगी और नए साल के आगमन पर प्रदेश में शांति और स्थिरता की उम्मीद जताई। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 31 दिसंबर को कहा कि यह साल मणिपुर के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रहा। मैं इस साल की घटनाओं पर गहरा खेद व्यक्त करता हूं।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि राज्य में पिछले तीन-चार महीनों में शांति स्थापित करने के प्रयासों में ▶10 पर

### रक्षा मंत्रालय ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया

# एकीकृत सैन्य कमान की स्थापना होगी

***नई दिल्ली, 01 जनवरी (एजेंसियां)।*** रक्षा मंत्रालय ने 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 में रक्षा मंत्रालय साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों और उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। मंत्रालय सैन्य क्षमता के तीव्र विकास के लिए अधिग्रहण प्रक्रियाओं को भी सरल और समयबद्ध बनाएगा। रक्षा सुधार से एकीकृत सैन्य कमान की स्थापना में सुविधा होगी। केंद्र सरकार एकीकृत सैन्य कमान की शीघ्र स्थापना करने पर विचार कर रही है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि सुधारात्मक उपायों को सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार ऐसे बल में बदलने के लिए लागू किया जाएगा, जो बहु-क्षेत्रीय एकीकृत संचालन में सक्षम होगा। मंत्रालय ने कहा कि 2025 में साइबर और अंतरिक्ष जैसे नए क्षेत्रों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), मशीन लर्निंग, हाइपरसोनिक और रोबोटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सुधार का वर्ष सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण की



**साइबर, स्पेस और एआई जैसे संवेदनशील क्षेत्रों पर होगा फोकस**

यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह देश की रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखेगा और इस प्रकार 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच राष्ट्र की सुरक्षा एवं संप्रभुता सुनिश्चित करने की तैयारी करेगा। रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में 2025 को सुधार वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। इस बीच महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि भारत वैश्विक गठबंधनों में बदलाव के अवसर का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक क्षमता को बढ़ा सकता है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली में ▶10 पर

### रक्षा और प्रशासन तंत्र के नाकारेपन का प्रमाण

## बांग्लादेशी घुसपैठिया बन गई ग्राम प्रधान



**टीएमसी का संरक्षण फर्जी दस्तावेजों पर नागरिकता दिलाई**

**कोलकाता, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी टीएमसी की एक ग्राम पंचायत प्रधान बांग्लादेशी घुसपैठिया है। टीएमसी की नेता और ग्राम प्रधान लवली खातून ने टीएमसी की मदद से जाली दस्तावेजों के आधार भारत की नागरिकता हासिल की और पश्चिम बंगाल के हरिशचंद्रपुर ब्लॉक-1 के रशीदाबाद पंचायत की प्रधान बन बैठी। लवली खातून टीएमसी की मदद से फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा और प्रधान पद पर जीत हासिल की। खूबी यह है कि लवली खातून प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी की थी, लेकिन समर्थन तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) दे रही थी। इस मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने उप विभागीय अधिकारी से रिपोर्ट मांगी है। ▶10 पर

## भारत पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची साझा की

### कैदियों और पकड़े गए मछुआरों की सूची भी एक दूसरे को दी



**नई दिल्ली, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** भारत और पाकिस्तान ने बुधवार को अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया। यह आदान-प्रदान दोनों देशों के बीच एक समझौते के तहत किया गया है। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे के परमाणु ठिकानों पर हमला करने से रोकता है और यह तीन दशकों से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है।

विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमले को रोकने के समझौते के तहत किया गया। यह सूची नई दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ कूटनीतिक चैनलों के जरिए साझा की गई। ▶10 पर

### नए साल पर किसानों को मोदी सरकार का तोहफा

## खाद पर अब ज्यादा मिलेगी सब्सिडी



**नई दिल्ली, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** नए साल 2025 की पहली मोदी कैबिनेट बैठक में किसानों के लिए महत्व-पूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इसमें डीएपी खाद बनाने वाली कंपनियों के लिए सरकार ने स्पेशल पैकेज को मंजूरी दी। इससे किसानों को डीएपी के लिए ज्यादा कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी और वो खाद पर ज्यादा सब्सिडी हासिल कर सकेंगे। डीएपी बनाने वाली कंपनियों को मिलने वाली सब्सिडी के अतिरिक्त सरकार आर्थिक मदद भी देगी।


मोदी कैबिनेट की बैठक में केंद्र सरकार ने डीएपी खाद निर्माताओं को राहत दी है। इसके तहत इन्हें सब्सिडी के अलावा आर्थिक सहायता देने पर भी मंजूरी दी गई है। इन फैसलों का लक्ष्य कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देना, किसानों को आर्थिक रूप से मदद देना और जरूरी खाद तक किफायती पहुंच दिलाना है। ▶10 पर

### सीबीआई की सिफारिश पर मिली अभियोजन की मंजूरी

## बंदूक लाइसेंस घोटाले में आईएएस अफसर पर चलेगा केस



**जम्मू, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर के राजस्व सचिव कुमार राजीव रंजन बंदूक लाइसेंस घोटाले में मुकदमे का सामना करने वाले पहले आईएएस अधिकारी बनेंगे। केंद्र सरकार ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को बंदूक लाइसेंस देने में कथित अनियमितताओं के लिए जम्मू-कश्मीर के राजस्व सचिव कुमार राजीव रंजन के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है, जिससे वह पहले आईएएस अधिकारी बन गए हैं जिनके खिलाफ इस मामले में अभियोजन की मंजूरी दी गई है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 2006 के तहत सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में आईएएस अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी 28 नवंबर, 2024 के एक आदेश के माध्यम से दी गई थी। सीबीआई 2012 और 2016 के बीच जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम), डिप्टी कमिश्नरों और लाइसेंसिंग ▶10 पर



### योगी सरकार में मिट्टी में मिल रहे अपराधी और माफिया

# पुलिस मुठभेड़ों में अब तक 217 बदमाश ढेर

**लखनऊ, 01 जनवरी (एजेंसियां)।** अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत उत्तर प्रदेश में अपराध और अपराधियों पर पुलिस का कड़ा प्रहार जारी है। राज्य पुलिस ने 20 मार्च 2017 से 28 दिसंबर 2024 तक की कार्रवाई का ब्यौरा देते हुए बताया कि इस अवधि में 217 अपराधियों को मुठभेड़ों में मार गिराया गया, जबकि 7799 अपराधी घायल हुए हैं। इन अभियानों में 17 पुलिसकर्मी अपनी जान की कुर्बानी दे चुके हैं।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ न केवल सख्त रुख अपनाया है, बल्कि अपराध पर नकेल कसने के लिए हर स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से काम किया है। पुलिस के ताजा आंकड़ों के अनुसार, मुठभेड़ों और गिरफ्तारियों के जरिए राज्य सरकार अपराधियों के मन में कानून का डर पैदा करने में सफल रही है। पुलिस ने खासतौर पर उन अपराधियों को निशाना बनाया है जिनके सिर पर बड़ी धनराशि का इनाम था। 20 मार्च 2017 से 22 दिसंबर 2024 तक कुल 19,955 इनामी अपराधियों को




**140 अरब से अधिक की सम्पत्ति जब्त**

गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इनमें 17,849 अपराधी 25,000 रुपए के इनामी थे, जबकि 1883 अपराधियों पर 25,000 से 50,000 रुपए तक का इनाम घोषित था। 50,000 रुपए से अधिक के 223 अपराधियों को भी पकड़ा गया।

राज्य पुलिस ने 924 अपराधियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की है। इसके साथ ही, गैंगस्टर एक्ट के तहत 140 अरब 90 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल सम्पत्ति जब्त की गई है। यह सम्पत्ति उन अपराधियों की थी जिन्होंने समाज में आतंक का माहौल बना रखा था।

राज्य पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ों में मारे गए अपराधियों में कई कुख्यात गैंगस्टर शामिल थे, जिनके नाम से लोग खौफ खाते थे। इन मुठभेड़ों में पुलिसकर्मियों ने जान जोखिम में डालकर बदमाशों का सामना किया। इन अभियानों में घायल हुए 7799 अपराधियों के अलावा 1644 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि राज्य को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस कार्रवाई को और तेज करेगी। ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $31^{0}$

न्यूनतम : $20^{0}$



# दमिश्क में 5-6 जनवरी को सीरिया के राज्यपालों का सम्मेलन

**दमिश्क, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**

सीरिया से राष्ट्रपति बशर अल-असद के शासन को उखाड़ फेंकने वाले सुन्नी इस्लामवादी, राजनीतिक और अर्धसैन्य संगठन हयात तहरीर अल-शाम ने 5 और 6 जनवरी को देश के सभी 14 राज्यपालों का सम्मेलन आहूत किया है। मुल्क में हयात तहरीर अल-शाम के नियंत्रण के बाद असद रूस भाग चुके हैं। अब सीरिया में अहमद हुसैन अल-शरा की तूती बोल रही है।

वह हयात तहरीर अल-शाम का सबसे प्रमुख लड़ाका है। उसे सभी ने अपना नेता कुबूल किया है। इस समय वह नए सीरियाई प्रशासन का नेतृत्व कर रहा है। शरा को अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से भी जाना जाता है।

सीरिया के गृहयुद्ध में नायक बनकर उभरे अहमद हुसैन अल-शरा के नेतृत्व में नए सीरियाई प्रशासन ने 5 और 6 जनवरी को दमिश्क में आयोजित होने वाले समावेशी राष्ट्रीय सम्मेलन में सभी राज्यपालों को आमंत्रित किया है। इस सम्मेलन में लगभग 1,200 व्यक्ति शामिल होंगे। अल-शरा ने दो दिन पहले सऊदी अल-अरबिया चैनल के साथ साक्षात्कार में कहा कि इस सम्मेलन में सभी सीरियाई पक्ष शामिल होंगे। प्रत्येक राज्यपाल का प्रतिनिधित्व 70-100 लोग करेंगे।

शरा के अनुसार, सम्मेलन में देश में जल्द से जल्द राजनीतिक और संवैधानिक प्रक्रिया शुरू करने पर चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि असद शासन के पतन के बाद सीरिया में अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे को पटरी पर लाना सबसे बड़ी चुनौती है। अल-शरा का कहना है कि सीरिया में चुनाव आयोजित करने में चार साल का समय लग सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने देशवासियों से कहा- हमें अभी बहुत कुछ तय करना है



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने नए वर्ष की पूर्व संध्या पर मंगलवार को टेलीविजन पर देशवासियों को संबोधित किया। क्रेमलिन प्रमुख ने कहा, हां, हमें अभी भी बहुत कुछ तय करना है लेकिन जो पहले किया जा चुका है उस पर हमें गर्व हो सकता है। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों ने आगे के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। पुतिन ने अपने भाषण में देश की उपलब्धियों की प्रशंसा की। अपने पूर्ववर्ती बोरिस येल्तसिन से सत्ता संभालने के ठीक 25 साल बाद दिए गए संबोधन में पुतिन ने यूक्रेन युद्ध का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया। उनका भाषण मुख्य रूप से शुभकामनाओं पर केंद्रित रहा। पुतिन ने कहा, प्रिय दोस्तों, बस कुछ ही मिनटों में 2025 की शुरुआत होगी, जो 21वीं सदी की पहली तिमाही को पूरा करेगा। उन्होंने रूसी सैनिकों की भी प्रशंसा की। पुतिन ने कहा, नए साल की दहलीज पर हम भविष्य के बारे में सोच रहे हैं। हमें यकीन है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। हम केवल आगे बढ़ेंगे। उल्लेखनीय है कि 1999 में नए साल की पूर्व संध्या पर बोरिस येल्तसिन ने अप्रत्याशित रूप से इस्तीफा दे दिया था और अपने भाषण में देश में उथल-पुथल के लिए माफी मांगी थी। तब पुतिन को कार्यवाहक राष्ट्रपति नामित किया गया था। टेलीविजन पर नए साल की पूर्व संध्या पर दिया जाने वाला भाषण सोवियत नेता लियोनिद ब्रेझनेव द्वारा शुरू की गई परंपरा का अनुसरण है। यह रूस के 11 समय क्षेत्रों में से प्रत्येक में आधी रात से ठीक पहले राज्य टीवी पर प्रसारित किया जाता है।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति येओल पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल के सिर पर गिरफ्तारी की तलवार लटक गई है। जांच



एजेंसी ने उन्हें छह जनवरी से पहले हर हाल में गिरफ्तार करने की तैयारी कर ली है। सियोल वेस्टर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने येओल को गिरफ्तार करने का वारंट जारी कर दिया है। यह वारंट भ्रष्टाचार जांच कार्यालय को मिल चुका है। वारंट की मियाद छह जनवरी को खत्म हो जाएगी। इस बीच राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने इस्तीफा देने की पेशकश की है येओल के विद्रोह और सत्ता के दुरुपयोग के मामले की जांच भ्रष्टाचार जांच कार्यालय कर रहा है। इस कार्यालय के प्रमुख ओह डोंग-वून ने बुधवार को पत्रकारों से कहा कि येओल की गिरफ्तारी वारंट की मियाद खत्म होने से पहले कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति की सुरक्षा टीम सहयोग नहीं करती तो उसके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। वून ने कहा कि कार्यालय ने राष्ट्रपति के सुरक्षा अधिकारियों से गिरफ्तारी में सहयोग करने का अनुरोध किया है। ओह ने चेतावनी दी कि गिरफ्तारी में हस्तक्षेप करने वालों पर सत्ता के दुरुपयोग और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति आवास का दरवाजा खोलने से इनकार करना, गेट पर ताला लगाना, बैरिकेड लगाना और गिरफ्तारी आदेश का पालन न करना भी सरकारी कार्य में बाधा डालना है।

# कराची में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर किया बल प्रयोग, 11 घायल

**इस्लामाबाद, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**



पाकिस्तान के कराची में पुलिस ने धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों पर कल बल प्रयोग किया। इस दौरान कम से कम 11 लोग घायल हो गए। इनमें छह पुलिस जवान भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले में स्थित पाराचिनार में हाल ही में हुई हत्याओं के खिलाफ विरोध जताया है।

धार्मिक और राजनीतिक संगठन मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन% (एमडब्ल्यूएम) ने पाराचिनार के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। संगठन के आह्वान पर देशभर में 20 दिसंबर से धरना और प्रदर्शन जारी है। सड़कें बंद कर दी गई हैं। प्रदर्शनकारी कुर्रम में जारी हिंसा के साथ-साथ उस घटना का भी विरोध कर रहे हैं जिसमें जिले के बागान इलाके में पाराचिनार की ओर जाते समय रास्ते में दो लोगों की हत्या कर दी गई और बाद में उनका सिर काट दिया गया।

एमडब्ल्यूएम के प्रवक्ता सैयद अली अहमर जैदी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अब्बास टाउन, पावर हाउस और कामरान चौरंगी सहित 10 स्थानों पर आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। उन्होंने कहा, बावजूद इसके तीन स्थानों नुमाइश चौरंगी, एंचोली और रिजविया सोसाइटी में धरना जारी है। उन्होंने पुलिस कार्रवाई की निंदा की है। उधर, पुलिस के बल प्रयोग की सूचना मिलते ही मालिर में मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी हिंसा भड़क उठी। यहां पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प होने की खबर है।

पुलिस अधिकारी डॉ. सुम्मैया सैयद ने कहा कि चार घायलों को मालिर से जिन्ना पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सेंटर लाया गया। उनमें से एक की हालत गंभीर है। इस व्यक्ति के सिर में गोली लगी है। मालिर के पुलिस अधीक्षक सईद रिंद के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने रात को मालिर-15 पर राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस हाइवे खाली कराने पहुंची तो हथियारों से लैस प्रदर्शनकारियों ने गोली चलानी शुरू कर दी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। प्रवक्ता जैदी ने देररात कहा कि वे गोलियों और धमकियों से नहीं डरेंगे। बड़ी संख्या में लोग नुमाइश चौरंगी पर फिर से इकट्ठा होने लगे हैं। भविष्य की कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने के लिए एमडब्ल्यूएम की आपात बैठक चल रही है। एमडब्ल्यूएम के सूचना सचिव आसिफ सफवी ने नुमाइश चौरंगी में धार्मिक विद्वान अल्लामा हसन जफर नकवी पर अर्धसैनिक बलों के हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि बल प्रयोग सिंध सरकार की शह पर किया गया है। सरकार के इशारे पर नकवी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम से पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी और राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को अवगत कराया गया है। एमडब्ल्यूएम नेता अल्लामा मुख्तार इमामी ने नकवी पर हमले के लिए सिंध के मुख्यमंत्री मुराद अली शाह को जिम्मेदार ठहराया है।

## बिलावल भुट्टो के 2025 में पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने की भविष्यवाणी



**इस्लामाबाद।** ज्योतिषियों के दावों पर यकीन किया जाए तो पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के लिए यह साल (2025) बड़ी सौगात देने जा रहा है। एक प्रसिद्ध ज्योतिषी ने मुल्क के अगले प्रधानमंत्री के रूप में उनके नाम की भविष्यवाणी की है। कार्यक्रम खबर में ज्योतिषी सामिया खान ने यह भविष्यवाणी की। उन्होंने दावा किया कि पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो 2025 में प्रधानमंत्री और दूल्हा दोनों बन सकते हैं। सामिया खान ने कहा कि यह साल शहबाज शरीफ, मौलाना फजलुर रहमान और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान के लिए यह साल अच्छा होगा। उन्होंने कहा इस साल मुल्क की स्थिति में सुधार होता दिख रहा है। साल के शुरुआती महीने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लिए फायदेमंद रहने की उम्मीद है। बिलावल भुट्टो के के राजनीतिक सितारे बहुत मजबूत हैं। यह संभव है कि उन्हें प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। यहां तक कि वह दूल्हा भी बन सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 21 सितंबर 1988 को कराची में जन्मे बिलावल पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो के पुत्र हैं। 27 दिसंबर, 2007 को बेनजीर की हत्या के बाद पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी की कमान उनके हाथ में है। वह बेनजीर भुट्टो और पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की सबसे बड़ी संतान और इकलौते बेटे हैं। उन्होंने दुबई के राशिद स्कूल फॉर बॉयज से पढ़ाई की और ताइक्वांडो में ब्लैक बेल्ट भी प्राप्त किया।

# पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने नए साल के संदेश भी कश्मीर का राग अलापा



**इस्लामाबाद,01 जनवरी (एजेंसियां)।**

**पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्र के नाम संबोधन में 2025 में भूख, गरीबी, युद्ध, आतंकवाद, अपराध, संप्रदायवाद और वर्ग विभाजन से मुक्त दुनिया की आशा व्यक्त करते हुए पाकिस्तान के लोगों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मगर इस मौके पर शरीफ कश्मीर का राग अलापना नहीं भूले।**

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि मध्य पूर्व और भारत के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में चल रहे अत्याचारों के मामले में पिछला साल सबसे खराब रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मध्य पूर्व संकट और कश्मीर मुद्दे का इस साल शांतिपूर्ण समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा, हमारे उत्पीड़ित भाइयों और बहनों को भारतीय कब्जे वाली ताकतों की क्रूरता का सामना करना पड़ा।

अपने संदेश में शहबाज ने राष्ट्र से 2025 में एक बेहतर और मजबूत पाकिस्तान के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मैं प्रार्थना करता हूं कि 2025 का सूरज हमारे देश पाकिस्तान के लिए प्रगति और समृद्धि के वादे के साथ उगेगा। मैं यह भी प्रार्थना करता हूं कि नए साल में हम पिछले साल में की गई अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक गलतियों को सुधारें और एक नई शुरुआत करें और एक नए उवल भविष्य की शुरुआत करें।

राष्ट्रपति जरदारी ने नागरिकों से पिछले वर्ष की सफलताओं और कमियों पर चिंतन करने और उनसे सीखने और बेहतर भविष्य की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने राष्ट्र की गंभीर चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक सिद्धांतों के रूप में एकता, अनुशासन और कड़ी मेहनत के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रपति ने देश के युवाओं में निवेश के महत्व पर भी प्रकाश डाला और उन्हें पाकिस्तान के भविष्य की नींव बताया।

## शेल्टर में जाते फिलिस्तीनी



गाजा में एक विस्थापित फिलिस्तीनी बारिश से बचने अस्थाई रूप से बने शेल्टर में जाते हुए।

# असद शासन के पतन के बाद 75,000 शरणार्थी सीरिया लौटे

**दमिश्क,01 जनवरी (एजेंसियां)।**



सीरिया में आठ दिसंबर को बशर अल-असद के शासन के पतन के बाद से अब तक 75,000 से अधिक शरणार्थी स्वदेश लौट चुके हैं। सीरिया रिस्पांस को-ऑर्डिनेटर्स ऑर्गेनाइजेशन के निदेशक मोहम्मद हल्लाज ने यह जानकारी दी।

हल्लाज ने बताया कि 7587 शरणार्थी आठ से 30 दिसंबर के बीच तुर्किये, जॉर्डन और लेबनान के रास्ते स्वदेश लौटे। उन्होंने बताया कि 33,881 लोग तुर्किये से लौटे। इसी अवधि में जॉर्डन से 21,372 शरणार्थी और लेबनान से 19,832 शरणार्थी लौटे।

हल्लाज के अनुसार, विभिन्न सीरियाई क्षेत्रों में असद शासन के दौरान 89,589 लोग विस्थापित हुए थे। उन्होंने बताया कि हजारों विस्थापित और शरणार्थी अभी भी लौटने के लिए अपने क्षेत्रों में स्थिति में सुधार होने का इंतजार कर रहे हैं। जर्मन सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि उसने बशर अल-असद के शासन के पतन के बाद सीरिया में 60 मिलियन यूरो की राहत परियोजनाएं शुरू की हैं। जर्मन विकास मंत्री स्वेन्जा शुल्ज़ ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) को 25 मिलियन यूरो आवंटित किए जाएंगे। इस पैसा का उपयोग स्कूलों के पुनर्वास पर किया जाएगा।

# भारत और बांग्लादेश ने गंगा और पद्मा नदी के जलस्तर की माप शुरू की

**ढाका, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**



बांग्लादेश और भारत सरकार के प्रतिनिधियों ने सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच गंगा जल बंटवारा संधि-1996 के दायरे में पद्मा और गंगा नदियों के जलस्तर की माप शुरू की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय जल आयोग के कार्यकारी अभियंता मुत्ताथ लियो फ्रैंकलिन और सहायक निदेशक रितेश कुमार शामिल हैं। गंगा नदी भारत से बांग्लादेश में प्रवेश करने के बाद पद्मा के नाम से जानी जाती है।

फ्रैंकलीन और रितेश कुमार ने पद्मा नदी पर हार्डिंग ब्रिज के 3,500 फीट ऊपर एक बिंदु पर जलस्तर को मापना शुरू किया है। इसके साथ ही पबना हाइड्रोलॉजी के कार्यकारी अभियंता एमडी रेजाउल करीम के नेतृत्व में दो सदस्डुयीय बांग्लादेश की टीम ने भारतीय विशेषज्ञों के साथ भारत में फरक्का बिंदु पर संयुक्त रूप से जलस्तर को मापना शुरू किया है।

बांग्लादेश जल विकास विभाग के कार्यकारी अभियंता मोहम्मद जाहेदुल इस्लाम ने कहा, भारत और बांग्लादेश दोनों से 31 मई तक गंगा और पद्मा नदियों के विभिन्न बिंदुओं पर जलस्तर की माप करेंगे। संधि के अनुसार, यदि फरक्का बिंदु पर प्रवाह 70,000 क्यूसेक या उससे कम है, तो बांग्लादेश और भारत दोनों पानी के 50 प्रतिशत हिस्से के हकदार हैं। दूसरे चक्र में यदि प्रवाह 70,000 और 75,000 क्यूसेक के बीच होता है, तो बांग्लादेश को न्यूनतम 35,000 क्यूसेक पानी प्राप्त होगा, शेष भारत को आवंटित किया जाएगा। अंतिम चक्र में भारत को न्यूनतम 40,000 क्यूसेक पानी मिलेगा बाकी बांग्लादेश को मिलेगा। साथ ही 11 मार्च से 10 मई तक, दोनों देशों को हर महीने तीन चक्रों में से एक के दौरान न्यूनतम 35,000 क्यूसेक की हिस्सेदारी की गारंटी दी जाती है।

जाहेदुल इस्लाम ने कहा कि इस साल पानी का प्रवाह पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर है। हार्डिंग ब्रिज बिंदु पर पद्मा नदी का प्रवाह 85,000 क्यूसेक से अधिक दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि गंगा नदी बांग्लादेश में प्रवेश करते ही पद्मा के नाम से जानी जाती है।

राजमहल से 30 किलोमीटर पूर्व में गंगा की एक शाखा मुर्शिदाबाद, बहरमपुर, नदिया, हुगली और कोलकाता होती हुई पश्चिम-दक्षिण की ओर बंगाल की खाड़ी में गिर जाती

DAILY शुभ लाभ
खबरें जो सोच बदल दे
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रू.500/- में
साईज : 12 X10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345

### नींद की दवा पिलाकर शोषक की हत्या करने का आरोप

# यमन में निमिषा प्रिया की मौत की सजा बरकरार

**निमिषा का इरादा हत्या करने का नहीं था**

**पलक्कड़ (केरल), 01 जनवरी (एजेंसियां)।**
यमन में रह रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को मौत की सजा देने का फैसला राष्ट्रपति राशिद अल-अलीमी ने मंजूर कर लिया है। निमिषा को 2017 में यमनी नागरिक तलाल अब्दो मेहदी की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था। यमन की अदालत ने उन्हें 2020 में मौत की सजा सुनाई थी, और उनकी अपील को नवंबर 2023 में खारिज कर दिया गया। अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद उनकी सजा पर अमल अगले एक महीने के भीतर हो सकता है।



यह खबर निमिषा के परिवार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। उनकी मां प्रेमा कुमारी ने कहा है कि अगर किसी की जान लेनी है तो उनकी ले ली जाए। उन्होंने अपनी बेटी को बचाने के लिए पिछले कई साल से हरसंभव कोशिश की। प्रेमा कुमारी ने यमन जाकर मृतक के परिवार से बात करने और ब्लड मनी (मुआवजा) के जरिए समझौता करने की कोशिश की, लेकिन बातचीत विफल रही। निमिषा प्रिया पर आरोप लगे थे कि उन्होंने साल 2017 में एक यमनी नागरिक तलाल अब्दो महदी को ड्रग्स का ओवरडोज दे दिया था, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई। वहीं, निमिषा ने अपने बचाव में कहा था कि मृतक ने उनका पासपोर्ट छीन लिया था, जिसे वो वापस पाना चाहती थी। निमिषा ने दावा किया था कि उन्होंने महदी को बेहोशी की दवा दी थी। उसकी हत्या करने का इरादा नहीं था।

भारत सरकार ने इस मामले में बयान दिया है कि वे सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि सरकार निमिषा प्रिया और उनके परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। निमिषा शादीशुदा हैं। केरल के पलक्कड़ की रहने वाली निमिषा अपने पति और बेटी के साथ पिछले लगभग एक दशक से यमन में काम कर रही थीं। इस बीच यमन में गृहयुद्ध शुरू हो गया तो उनका परिवार भारत आ गया था। यमनी नागरिक द्वारा पासपोर्ट ले लेने के कारण निमिषा वापस नहीं लौट पाई थीं।

# सात दिनों के बाद हड़ताल खत्म, कटड़ा में चहल पहल

**जम्मू, 01 जनवरी (ब्यूरो)।**
वैष्णो देवी तीर्थस्थान पर रोप-वे के मुद्दे पर सात दिनों चली आ रही हड़ताल देर रात समाप्त हो गई। हड़ताल के बाद कटड़ा में चहल पहल तो फिर शुरू हो गई लेकिन वैष्णव देवी आने वाले श्रद्धालुओं की तादाद में उल्लेखनीय कमी आ गई। यहां आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा वर्ष 2023 का रिकार्ड भी नहीं तोड़ पाया।

कल देर रात को आखिरकार प्रशासन की ओर से लिखित आश्वासन मिलने के बाद कटड़ा में पिछले सात दिन से जारी बंद और हड़ताल समाप्त हो गई। इसकी घोषणा कटड़ा पहुंचे जम्मू के डिवीजनल कमिश्नर (मंडलायुक्त) और संघर्ष समिति के सदस्यों ने की। दोनों पक्षों के बीच लगभग ढाई घंटे चली बैठक में हिरासत में लिए गए समिति के सभी 18 सदस्यों को बिना शर्त रिहा करने, यात्रा मार्ग पर रोप-वे परियोजना को लेकर समिति के सदस्यों व अन्य लोगों के साथ समग्र बात होने तक इसका निर्माण बंद रखने पर सहमति बनी थी।

कटड़ा माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर का आधार शिविर है। जहां रोप-वे प्रोजेक्ट के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन में पुलिस द्वारा गिरफ्तार 18 लोगों को रिहा कर दिया गया है। जिसके बाद इस शहर में रात भर खुशी का माहौल रहा। जम्मू और कश्मीर प्रशासन ने मंगलवार रात को इनकी रिहाई की घोषणा की और प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया। समिति के साथ बातचीत तक रोप-वे परियोजना पर काम को निलंबित कर दिया गया है।

इस वर्ष 25 दिसंबर से कटड़ा बंद के कारण थोड़ा संशय बना हुआ था। घोड़ा, पिट्ठू वालों के उपलब्ध न होने के कारण श्रद्धालु पिछले कुछ दिनों से कम संख्या में आ रहे थे। परंतु मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। 31 दिसंबर को करीब 45 हजार ने वैष्णो देवी के दर पर शीश नवाया। बीते वर्ष 50 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 में वैष्णो देवी के दर्शन करने वालों की संख्या 94.80 लाख रही है जबकि 2023 में 95.22 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे। ऐसे में आंकड़ों के मुताबिक इस वर्ष 42 हजार श्रद्धालु पिछले साल की तुलना में कम रहे हैं।

### मानवाधिकार आयोग आदिवासियों की आत्महत्याओं पर चिंतित

# केरल के आदिवासियों की आत्महत्याएं चिंताजनक

**केरल सरकार से आयोग ने किया जवाब तलब**

**तिरुअनंतपुरम, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के बाहरी इलाकों में बसे आदिवासी लोगों में आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं का स्वत: संज्ञान लिया है। अकेले वर्ष 2024 में ही आदिवासियों की 23 आत्महत्याएं दर्ज हुईं। वर्ष 2011 से 2022 के बीच जिले के पेरिंगमला पंचायत में 138 आदिवासियों ने आत्महत्या की। यह खुलासा हुआ कि आत्महत्या करने वाले आदिवासियों में अधिकांश 20-30 आयु वर्ग के थे।

आयोग का मानना है कि ये घटनाएं केरल के विशेष क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों के जीवन के अधिकार तथा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों से संबंधित एक गंभीर मुद्दे की ओर संकेत करती हैं। इस सिलसिले में केरल के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने के लिए नोटिस जारी किया गया है। आयोग ने केरल सरकार से यह पूछा है कि मृतक के परिजनों को कोई मुआवजा दिया गया है कि नहीं।

केरल के तिरुवनंतपुरम जिले के बाहरी इलाकों में बसे आदिवासी लोगों में आत्महत्याओं में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2011-2022 के बीच जिले के पेरिंगमला पंचायत में लगभग 138 मौतें हुईं। अब 2 साल की अपेक्षाकृत शांति के बाद, जिले में आदिवासी बस्तियों में आत्महत्याओं का सिलसिला फिर से शुरू हो गया है। आयोग ने कहा है कि यह आत्महत्याएं केरल के विशेष क्षेत्र में रहने वाले अनुसूचित जनजातियों के लोगों के जीवन के अधिकार और सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकारों से संबंधित एक गंभीर मुद्दे की ओर इशारा करती है।

# महंगे हवाई किराए की व्यथा कम करेगी रेल

**जम्मू, 01 जनवरी (ब्यूरो)।**
अगर आपको श्रीनगर के लिए हवाई यात्रा करनी है तो आपकी इतने आश्चर्यजनक रूप से अपनी जेब ढीली करनी होगी जिसके बारे में आपने अनुमान भी नहीं लगाया होगा। पर अब इतना जरूर है कि कटड़ा और दिल्ली से श्रीनगर के लिए शुरू होने जा रही ट्रेनें इस किराए द्वारा दिए जा रहे जख्मों पर मलहम जरूर लगाएंगी।




दिल्ली से दुबई की यात्रा राष्ट्रीय राजधानी से श्रीनगर की यात्रा करने की तुलना में बहुत सस्ती है, क्योंकि कश्मीर के लिए हवाई किराए में भारी वृद्धि हुई है। 31 दिसंबर को दिल्ली से दुबई के हवाई किराए पर सरसरी नजर डालने पर पता चलता था कि टिकट प्रति यात्री 10,000 से 13,000 रुपए के बीच थे, जबकि उसी दिन दिल्ली से श्रीनगर हवाई अड्डे के लिए हवाई टिकट की कीमत 21,623 रुपए थी। और अब इस किराए द्वारा दिए जाने वाले जख्मों पर जल्द मलहम लगने जा रहा है क्योंकि उत्तरी रेलवे द्वारा कटड़ा और श्रीनगर के बीच पहली बार ट्रेन के समय की घोषणा के साथ कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन आखिरकार एक वास्तविकता बनने जा रही है।

उत्तरी रेलवे ने सर्दियों के लिए कश्मीर वादी के लिए ट्रेन संचालन योजना जारी की है, जिसमें उन्होंने श्री वैष्णो देवी कटड़ा (एसवीडीके) से श्रीनगर तक तीन नई ट्रेनें शामिल की हैं, जिसमें एक वंदे भारत ट्रेन और दो मेल एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं जो रोजाना चलेंगी। उत्तरी रेलवे द्वारा जारी चार्ट के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन कटड़ा से सुबह 8.10 बजे रवाना होगी और 11.20 बजे श्रीनगर पहुंचेगी जबकि मेल एक्सप्रेस ट्रेन कटड़ा से सुबह 9.50 बजे रवाना होगी और दोपहर 1.10 बजे श्रीनगर पहुंचेगी। इसी तरह से एक अन्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन दोपहर 3 बजे कटड़ा से रवाना होगी और शाम 6.20 बजे श्रीनगर पहुंचेगी।

हालांकि चार्ट जारी कर दिया गया है, लेकिन कश्मीर के लिए ट्रेन सेवा शुरू करने की कोई अंतिम तारीख अभी तक नहीं दी गई है। वैसे एक कदम और आगे बढ़ने के लिए, जल्द ही कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) का एक और दौरा होगा। जम्मू के एडीआरएम का कहना था कि कटड़ा में सीआरएस का दौरा 6 और 7 जनवरी को होने की उम्मीद है और कश्मीर के लिए ट्रेन चलाने का कोई भी फैसला उसी पर निर्भर करता है। वैसे इन ट्रनों की घोषणा के बाद जम्मू के उपरांत अब कटड़ा में भी चिंता का माहौल है।

याद रहे पहले उधमपुर और फिर कटड़ा तक ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद से जम्मू ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। 1947 से पहले अविभाजित भारत में जम्मू और सियालकोट के बीच सीधी ट्रेन सेवा थी, जो 1890 में शुरू हुई थी, लेकिन 1947 में देश के विभाजन के बाद ट्रेन सेवा बंद हो गई। भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 के युद्ध के बाद पंजाब के पठानकोट से जम्मू की ओर ट्रेन सेवा पर काम शुरू हुआ और 1972 में इसे खोला गया था।

# बांग्लादेशी जाहिदुल इस्लाम को 7 साल की सजा

**बंगाल-असम के मुस्लिमों को बना रहा था आतंकी**

**बेंगलुरु, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**
बेंगलुरु में एनआईए की विशेष अदालत ने बांग्लादेशी नागरिक जाहिदुल इस्लाम उर्फ कौसर को भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 57,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। जाहिदुल को जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) का अमीर कहा जाता है, जो भारत में आतंकी नेटवर्क का संचालन कर रहा था।

जाहिदुल इस्लाम 2014 में अवैध रूप से भारत में घुसा था। वह 2005 में बांग्लादेश में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में पुलिस की हिरासत से भागने के बाद भारत आया। यहां उसने जेएमबी प्रमुख सलाउद्दीन सालेहिन के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल के बर्धवान जिले में अक्टूबर 2014 में बम धमाके की साजिश रची। बर्दवान के खागरागढ़ इलाके में हुए इस विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ था। विस्फोट के बाद जाहिदुल और उसके साथी बेंगलुरु भाग गए।

बेंगलुरु में छिपते हुए, जाहिदुल ने पश्चिम बंगाल और असम के मुस्लिम युवकों को कट्टरपंथी बनाना शुरू किया। उसने उन्हें जेएमबी की भारत-विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। एनआईए की जांच में सामने आया कि 2018 में बोधगया में हुए विस्फोट के पीछे भी जाहिदुल और उसके साथियों का हाथ था। यह विस्फोट बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की यात्रा के दौरान किया गया था, जिसे जेएमबी ने साजिश के तहत अंजाम दिया।

जाहिदुल और उसके साथियों ने आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के मकसद से बेंगलुरु में चार डकैतियां भी कीं। इन डकैतियों से मिले धन का इस्तेमाल गोला-बारूद खरीदने, ठिकानों की व्यवस्था करने और आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने के लिए किया गया। एनआईए ने 2019 में इस मामले को अपने हाथ में लिया और आतंकी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान एनआईए को जाहिदुल और उसके साथियों के ठिकानों से हथगोले, टाइमर डिवाइस, इलेक्ट्रिक सर्किट और आईईडी बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले विस्फोटक पदार्थ बरामद हुए।

एनआईए ने इस मामले में 11 आरोपियों को दोषी ठहराया है, जिनमें से जाहिदुल को साजिश, डकैती, धन उगाही और गोला-बारूद की खरीद जैसे गंभीर आरोपों में दोषी पाया गया। एनआईए ने कहा कि जाहिदुल और उसका नेटवर्क भारत में जेएमबी के एजेंडे को आगे बढ़ाने में सक्रिय था। इस मामले से जुड़े, फरार जेएमबी प्रमुख सलाउद्दीन सालेहिन जैसे अन्य आतंकियों को पकड़ने की चुनौती अब भी बनी हुई है। यह घटना दिखाती है कि कैसे आतंकी संगठन भोले-भाले युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर अपने मंसूबों को अंजाम देते हैं और उनके खिलाफ सतर्क रहने की जरूरत है।

# 1984 के सिख विरोधी दंगे के शिकार पीड़ितों ने किया प्रदर्शन

**मोहब्बत की दुकान वाले राहुल-प्रियंका माफी क्यों नहीं मांगते?**

**नई दिल्ली, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**
वर्ष 1984 के दिल्ली सिख विरोधी दंगा पीड़ितों ने गुरुद्वारा बंगला साहिब के बाहर लोकसभा में नेता विपक्ष एवं सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व दंगा पीड़ितों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले सरदार गुरलाड सिंह काहलों ने किया।



इस अवसर पर गुरलाड सिंह काहलों ने कहा कि प्रियंका गांधी ने संसद में केंद्र सरकार को घेरने के लिए अपनी पहली स्पीच में उन्नाव, हाथरस और मणिपुर तथा संभल आदि पर बोलीं लेकिन 40 साल पहले 1984 के सिख विरोधी दंगों पर नहीं बोलीं। आखिर उस समय ऐसा कौन सा जघन्य अपराध नहीं हुआ। सड़कों पर जा रहे निर्दोष सिखों को जला दिया गया, दुकानें लूट ली गईं, महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया।

काहलों ने कहा कि जिन्होंने इंदिरा गांधी की हत्या की, उन्होंने भावनाओं में बहकर हत्या की थी। एक हत्यारे को मौके पर गोली मार दी गई थी। दूसरे ने स्वीकार किया था कि उसने भावनाओं में बहकर हत्या की थी। उन्होंने कहा कि इसी तरह भावनाओं में बहकर राजीव गांधी और शायद महात्मा गांधी की भी हत्या हुई थी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि जब भावनाओं में बहकर हत्या हुई तो इस मामले में सभी सिखों को क्यों लपेटा गया? सड़क चलते निर्दोष सिखों के गले में टायर डालकर जलाया गया। उनके शवों के पास उनकी लड़कियों के साथ बलात्कार हुए।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में तिलक नगर में एक कॉलोनी है, जिसका नाम विधवा कालोनी है। यहां 1984 के दंगे में मारे गए सिखों की विधवाएं रहती हैं। क्या उन्हें (राहुल गांधी को) अपनी मोहब्बत की दुकान को लेकर विधवा कालोनी में जाकर माफी नहीं मांगनी चाहिए? इन्हीं मुद्दों को लेकर हम मार्च निकाल रहे हैं और प्रियंका गांधी के आवास जा रहे हैं। हालांकि, पुलिस प्रदर्शनकारियों को आगे जाने नहीं देगी लेकिन हमारे कुछ लोग जाने का प्रयास करेंगे। जो उन्हें इस तथ्य से अवगत कराएंगे।

# महाकुंभ स्थल पर संतों ने जलाए आतंकी पन्नू के पोस्टर

**महाकुंभ में दिखा तो जमीन में घुसा देंगे: परमहंस दास**

**प्रयागराज, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**
महाकुंभ में हिंदुओं से बदला लेने की धमकी देने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का साधु-संतों ने महाकुंभ में पोस्टर जलाया। अयोध्या के महंत परमहंस दास ने कहा कि आतंकी पन्नू महाकुंभ में दिखा तो उसे जिंदा जमीन में घुसा देंगे।



खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद महाकुंभ में आए संतों में जबरदस्त गुस्सा है। महाकुंभ मेले के सेक्टर-16 में अयोध्या छावनी के जगतगुरु परमहंस दास जी महाराज के नेतृत्व में संतों ने आतंकी पन्नू का पोस्टर जलाया। उसके खिलाफ संतों ने जोरदार नारेबाजी की।

संगम की रेती पर आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी के बाद सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। पिछले सप्ताह सुरक्षा का जिम्मा खुद एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने ले लिया था। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया था कि हर तरह की स्थिति में सभी सुरक्षा एजेंसियां तैयार हैं।

यूपी के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादियों वीरेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह और जसनप्रीत सिंह के एनकाउंटर के बाद पन्नू ने अमेरिका से वीडियो जारी कर कहा कि वह इस घटना का बदला महाकुंभ में लेगा। उसने इस आयोजन को हिंदुओं का आखिरी महाकुंभ बनाने और तीन शाही स्नानों (14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जनवरी को मौनी अमावस्या और 3 फरवरी को अंतिम शाही स्नान) को निशाना बनाने की धमकी दी थी। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। यूपी पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां चप्पे-चप्पे की निगरानी कर रही हैं। ड्रोन और फेस रिकग्निशन कैमरों जैसी तकनीक का उपयोग किया जा रहा है।

महाकुंभ मेले में सुरक्षा के सात स्तरीय इंतजाम किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र में ड्रोन तैनात होंगे, जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। संवेदनशील इलाकों और प्रवेश द्वारों पर फेस रिकग्निशन तकनीक से लैस कैमरे लगाए गए हैं। संभावित साइबर हमलों को रोकने के लिए एक विशेष साइबर यूनिट काम कर रही है। एनएसजी और एटीएस की विशेष टीमें तैनात रहेंगी।

जल, थल और वायु सुरक्षा में नदियों में गश्त के लिए स्पेशल बोट और वायुसेना के हेलिकॉप्टरों को तैनात किया गया है। महाकुंभ में आने वाले विदेशी मेहमानों के लिए भी खास इंतजाम हैं।

# मुस्लिम बस्ती में दो साल से बंद पड़ा मंदिर खुलवाने पहुंचे लोग

**मुजफ्फरनगर, 01 जनवरी (एजेंसियां)।**
मुजफ्फरनगर के मोहल्ला इस्लामनगर मुस्लिम बस्ती में वर्षों से बंद मंदिर को खुलवाने की मांग तेज हो गई है। हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंच कर प्रशासन से मंदिर खुलवाने की मांग की। तनाव की आशंका को देखते हुए मौके पर पुलिस भी आ गई। मंदिर निजी भूमि पर बना है और दो वर्ष से बंद पड़ा है। पुलिस ने जांच करने की बात कही है।



मोहल्ला इस्लामनगर में बिजलीघर के पीछे आलोक गोयल की भूमि है। यह भूमि खतौली ग्रामीण क्षेत्र में है। करीब 40 वर्ष पूर्व भूमि मालिक परिवार ने मंदिर का निर्माण कराया था, जिसमें काली माता और शेरावाली माता की दीवार पर बनी मूर्ति बताई गई। मंदिर काफी समय से बंद पड़ा था, जिसके मुख्य द्वार पर ताला लटका हुआ है। एक हवन कुंड भी बना है। हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिली तो बजरंग दल नगर अध्यक्ष चंद्रपाल राजपूत, विवेक रहेजा, अभिनव यदुवंशी, माधव ठकराल, विनोद राजपूत आदि कार्यकर्ता मंदिर पर पहुंच गए। पुलिस भी मौके पर आ गई। कार्यकर्ता मंदिर को खुलवाने की मांग करने लगे। पुलिस ने जमीन मालिक से बात की और उन्हें थाने पर आने का निर्देश दियाथ। फैसला होने तक मंदिर में किसी प्रकार की कोई छेड़छाड़ नहीं करने की ताकीद कर दी गई है। जमीन मालिक ने पुलिस को बताया है कि मूर्ति दो वर्ष पूर्व खंडित हो गई थी, जिसे दूसरे मंदिर में स्थान दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। जैसा निर्देश मिलेगा, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# काजोल ने परिवार संग खास अंदाज में मनाया नए साल का जश्न



देश और दुनिया ने साल 2024 को अलविदा कहते हुए पूरे जोश के साथ नए साल 2025 का स्वागत किया है। बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने खास अंदाज में 2024 को अलविदा कहते हुए फैंस को नए साल 2025 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर परिवार संग सेलिब्रेशन की तस्वीरें भी शेयर की हैं।


काजोल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने पति अजय देवगन, बेटे युग और बेटी निसा के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेशन की शानदार तस्वीरें शेयर की। नए साल के सेलिब्रेशन में उनकी मां भी नजर आ रही हैं।

अभिनेत्री काजोल ने कैप्शन में लिखा कहा, और यह समापन! निश्चित रूप से ये किसी फिल्म के खत्म होने से ज्यादा बेहतर है। आप सभी को आने वाले वर्ष की शुभकामनाएं। आपके घर मेहमान आते रहें, आपकी टेबल खाने से भरी रहें। आप सभी खूब पार्टी करते रहें और आपके पड़ोसी हमेशा शिकायत करें कि आपकी पार्टी कितनी लंबी और मजेदार हैं। आप हमेशा खुश रहें और खुशियां बांटते रहें।

अजय देवगन ने भी इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, अब तक की यात्रा के लिए आभारी हूं। 2025 में क्या होने वाला है, इसके लिए उत्साहित हूं। नया साल मुबारक।

काजोल ने पहले जिक्र किया था कि वह पिछले साल शानदार थीं और 2025 में और भी शानदार होंगी। अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में अभिनेत्री ने साड़ी में खुद की शानदार तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, मैं पिछले साल शानदार थी और मैं अगले साल और भी शानदार रहूंगी।

काजोल के वर्कफ्रंट की बात करें तो वे इस साल रिलीज हुई शशांक चतुर्वेदी की थ्रिलर फिल्म दो पत्ती में नजर आईं थी। काजोल को इस फिल्म में कृति सेनन और टीवी अभिनेता शहीर शेख के साथ देखा गया था।



## मोनालिसा ने थाई स्लिट ड्रेस में फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगर

भोजपुरी क्वीन मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर शेयर कर अक्सर फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अवतार देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।मोनालिसा भोजपुरी और टीवी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से लोगों को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं वो एथनिक लुक से इंटरनेट पर कहर बरपा रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं।हालांकि इन फोटोज में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक गॉर्जियस। तीसरे यूजर ने लिखा है- स्टनिंग। ऐसे ही एक के बाद एक लोग कॉमेंट्स कर के रिएक्शंस दे रहे हैं।मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर अपलोड करती हैं तो फैंस अक्सर उनके स्टाइल को फॉलो करते हैं।

## फिल्म डाकू महाराज के तीसरे गीत की रिलीज डेट से पर्दा उठा



अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की नई फिल्म एनबीके 109 का आधिकारिक शीर्ष डाकू महाराज है, जिसके घोषणा पहले ही की जा चुकी है। अब फैंस के बीच उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म के निर्माता लगातार डाकू महाराज से जुड़ी नई जानकारियां और झलकियां साझा कर रहे हैं। फिल्म के दो गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं और अब निर्माता इसके तीसरे गाने की रिलीज की तैयारियां कर रहे हैं।अब निर्माताओं की फिल्म के तीसरे गाने की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि डाकू महाराज का तीसरा गाना 4 जनवरी, 2025 को यूएसए प्री-रिलीज इवेंट के दौरान रिलीज किया जाएगा, जो कि भारतीय समय के अनुसार 5 जनवरी, 2025 को होगा। फिल्म का तीसरा गाना थमन द्वारा रचित एक उच्च-ऊर्जा मास ट्रैक है, जो फैंस को खूब पसंद आएगा।उत्साह बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने बालकृष्ण और उर्वशी रौतेला के साथ एक खास पोस्टर जारी किया है। गायक, गीतकार और शीर्षक सहित गीत के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आएगी। पोस्टर साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, नए साल पर मिलेगा बड़ा धमाका। सिनेमाघरों को रोमांचक संगीत समारोहों में बदलने के लिए तैयार हो जाइए।डाकू महाराज में बॉबी देओल और रवि किशन खलनायक की भूमिकाओं में नजर आएगी। फिल्म में जिन अन्य सितारों को कास्ट किया गया है, उनमें उर्वशी रौतेला, चांदनी चौधरी, प्रज्ञा जायसवाल और श्रद्धा श्रीनाथ शामिल हैं। फिल्म का संगीत एस थमन ने दिया है, जबकि इसे बॉबी कोल्ली ने लिखा और निर्देशित किया है। डाकू महाराज 12 जनवरी 2025 को स्क्रीन पर आएगी।

## फ्लॉप फिल्म के बावजूद छाईं वामिका गब्बी



हाल ही में रिलीज हुई वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन को लेकर उम्मीदें तो बड़ी थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने खास कमाल नहीं किया. जब ट्रेलर आया था, तब लगा था कि फिल्म बंपर कलेक्शन करेगी, लेकिन मेकर्स की उम्मीदों पर पानी फिर गया है. हालांकि, फिल्म भले ही फ्लॉप हो गई हो, लेकिन इसमें एक्ट्रेस वामिका गब्बी की चर्चा हर तरफ हो रही है.वामिका गब्बी ने बेबी जॉन से बॉलीवुड में कदम रखा है और उनकी परफॉर्मेंस ने दर्शकों को दीवाना बना दिया है. वामिका को उनकी खूबसूरत आंखों और शानदार अदाकारी के लिए खूब तारीफ मिल रही है. यही वजह है कि उन्हें अब नई नेशनल क्रश कहा जा रहा है.वामिका गब्बी इससे पहले तमिल, मलयालम और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में काम कर चुकी हैं. उन्होंने मलयालम फिल्म गोधा और तमिल फिल्म नेराथु मसक्कम से काफी पॉपुलैरिटी हासिल की थी. वामिका ने जब वी मेट में भी एक छोटा किरदार निभाया था.सोशल मीडिया पर भी वामिका खूब एक्टिव रहती हैं और उनकी पोस्ट्स को फैंस का खूब प्यार मिलता है. वामिका की पॉपुलैरिटी बेबी जॉन के बाद और ज्यादा बढ़ गई है.फिल्म का पहला वीकेंड अभी बाकी है और देखने वाली बात होगी कि वीकेंड पर फिल्म का कलेक्शन कैसा रहता है. हालांकि, अब तक फिल्म का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है. बेबी जॉन के फ्लॉप होने के बावजूद वामिका गब्बी इस फिल्म की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं.

## रवीना टंडन ने नए साल पर सलमान खान के साथ गुजारे पुराने पलों को किया याद

बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने नए साल की शुरुआत अपनी बेटी राशा और अभिनेता सलमान खान के साथ एक दिल छूने वाली पुरानी याद साझा करते हुए की।अभिनेत्री ने 2025 की शुरुआत को यादगार बनाने के लिए एक सोशल मीडिया पर एक थ्रोबैक तस्वीर को शेयर किया। इस तस्वीर में वह अपनी बेटी राशा और एक्टर सलमान खान के साथ नजर आ रही हैं, जो उनके फैंस को खूब पसंद आई। रवीना ने सलमान के साथ इस खूबसूरत रिश्ते को याद करके नए साल का जश्न मनाया।

तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, प्यार और हंसी के लिए शुक्रिया। सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं! यह साल और आने वाले साल आपके, मेरे और हमारे सभी बच्चों के लिए प्यार, शांति और खुशी लेकर आएं। ओम शांति शांति शांति।

इस पोस्ट में रवीना टंडन के परिवार और प्रियजनों के साथ बिताए गए कुछ खास पल शामिल हैं, जिनमें उनकी बेटी राशा और अन्य परिवार के सदस्य भी नजर आ रहे हैं। कुछ तस्वीरों में रवीना बॉलीवुड के अपने दोस्तों के साथ पोज देती हुई दिख रही हैं, जिनमें दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, सोफी चौधरी, सलमान खान, अरबाज खान, सोहेल खान, मनीष मल्होत्रा और अन्य शामिल हैं। रवीना की बेटी राशा थडानी ने भी 2025 की सुबह की सेल्फी पोस्ट की। राशा ने कैप्शन दिया, मॉर्निंग 2025।

बता दें कि इससे पहले बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन ने शाहरुख खान संग तस्वीर शेयर कर पुरानी यादों को ताजा किया था। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरों की एक श्रृंखला पोस्ट की थी, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा था, 'एक पुरानी तस्वीर और बीते सप्ताह के साथ'। रवीना और शाहरुख ने फिल्म जमाना दीवाना में साथ काम किया है। इस बीच, रवीना टंडन की बेटी राशा अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित फिल्म 'आज़ाद' से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। राशा इस फिल्म में अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ नजर आएंगी। इस फिल्म में लोकप्रिय टीवी अभिनेता मोहित मलिक भी खलनायक की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म जनवरी 2025 में रिलीज होगी।



## तृप्ति डिमरी को नए साल में साफ आसमान की चाह

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी को नए साल में साफ आसमान की चाह है। फिनलैंड से तीन घंटे की ड्राइव करके स्वीडन पहुंची, ताकि साफ आसमान मिल सके।फिनलैंड में छुट्टियां मना रही बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बर्फ से ढकी पहाड़ियों के सामने पोज देती एक तस्वीर पोस्ट की।

तस्वीर के साथ अभिनेत्री ने लिखा, फिनलैंड से तीन घंटे की ड्राइव करके स्वीडन आई हूं ताकि साफ आसमान मिल सके। तृप्ति डिमरी ब्लैक कलर आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। अभिनेत्री ने इससे पहले अपनी सर्दियों की छुट्टियों की झलकियां शेयर की थीं, जिसमें उन्होंने बर्फीले वातावरण की सुंदरता और जानवरों के साथ बिताए अपने पलों को कैद किया था।तृप्ति ने लैपलैंड, फिनलैंड से कुछ तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिनमें उनकी खिड़की के बाहर बर्फ से ढकी आकर्षक झोपड़ियां और शांति से चरते हुए रेनडियर दिखाई दे रहे थे।

एक वीडियो कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, बर्फीली फुहारें और मुस्कान। आज का दिन मेरे जीवन के सबसे सुखद अध्यायों में से एक है। वीडियो में अभिनेत्री बर्फबारी का आनंद लेती हुई दिखाई दीं। उनकी लैपलैंड यात्रा में शांति से बर्फ से ढकी झोपड़ियां और उनकी खिड़की के बाहर घास चरते हुए रेनडियर भी दिखे।

अभिनेत्री बर्फीले रोमांच पर निकली हैं और उन्होंने अपनी शानदार छुट्टियों की झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। कयासबाजी भी खूब हो रही है। लोग उनके पोस्ट पर ही एक दूजे से पूछ रहे हैं क्या अपने कथित बॉयफ्रेंड सैम मर्चेंट के साथ समय बिता रही हैं।

ऐसा इसलिए भी क्योंकि दोनों ने यात्रा से एक जैसी तस्वीरें पोस्ट कीं।एक वीडियो में तृप्ति डिमरी को बर्फ में चलते हुए देखा गया, जो उनकी रोवानीमी (फिनलैंड) में सर्दियों की छुट्टियों की झलक दिखा रही थी। उन्होंने सैम द्वारा खींचे गए वीडियो के साथ-साथ सेल्फी और फोटो की एक सीरीज भी पोस्ट की।तृप्ति डिमरी को हाल ही में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित के साथ हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 3 में देखा गया था।



# मन, शरीर और आत्मा के संतुलन बनाने के लिए रखें पूर्णिमा का व्रत

## 2025 में पूर्णिमा तिथि

हर माह के शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि को पूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन पूर्णिमा का व्रत करके पूजा अर्चना करने से जीवन के सभी कष्ट होते हैं। पूर्णिमा तिथि को बलिष्ठ और सौम्य तिथि भी कहा जाता है, इस दिन चंद्रमा अपने पूरे प्रभाव में रहता है, इसलिए इस दिन को फूल मून भी कहा जाता है। हिंदू धर्म में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व है। यह तिथि हर महीने शुक्ल पक्ष के अंतिम पड़ती है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि इस दिन सूर्य और चंद्रमा एक-दूसरे के सामने होते हैं, और चंद्रमा अपने पूर्ण प्रकाश में दिखाई देता है। धार्मिक दृष्टि से पूर्णिमा व्रत, पूजा, ध्यान और दान के लिए शुभ मानी जाती है। वहीं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यह तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। पूर्णिमा तिथि के वैज्ञानिक महत्व की बात की जाए तो इस दौरान सूर्य और चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल अधिक होता है, जिससे समुद्र में ऊंचे ज्वार बनते हैं। यह दिन आयुर्वेद में भी खास माना है। इस समय को मन, शरीर और आत्मा के संतुलन के लिए श्रेष्ठ माना जाता है।

पूर्णिमा तिथि के दिन गंगा स्नान और दान करने लिए बहुत ही उत्तम माना जाती है। पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं परिपूर्ण होते हैं। इस दिन माता लक्ष्मी और चंद्रमा की विशेष पूजा की जाती है। पूर्णिमा तिथि हर महीने में पड़ती है और हर महीने की पूर्णिमा तिथि बहुत ही खास मानी जाती है। पूर्णिमा तिथि महीने की शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि मानी जाती है। इसके बाद से महीने की शुरुआत होती है। पूर्णिमा तिथि का आयुर्वेदिक महत्व है। इस दिन मन, शरीर और आत्मा के संतुलन बनाने के लिए उचित माना जाता है।

पूर्णिमा के दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा करनी इससे जीवन में शांति और समृद्धि आती है। ध्यान और साधना के लिए यह दिन बेहद लाभकारी माना जाता है। यह आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का उत्तम समय है। जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र, और धन का दान करने से पुण्य मिलता है। विशेष रूप से इस गोदान, अन्नदान और जलदान का महत्व है।

**पूर्णिमा व्रत 2025**

पौष मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 13 जनवरी
माघ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 12 फरवरी
फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 14 मार्च
चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तिथि – 12 अप्रैल
वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 12 मई
ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 11 जून
आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 10 जुलाई
सावन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 9 अगस्त
भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 7 सितंबर
आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 7 अक्टूबर
कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 5 नवंबर
मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि – 5 दिसंबर

**पूर्णिमा का महत्व**

पूर्णिमा तिथि का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है, मान्यता है कि इस तिथि पर माता लक्ष्मी का समुद्र मंथन से प्राकट्य हुआ था। इस दिन व्रत करके पूजा पाठ करने और सत्यनारायण कथा सुनने मात्र से व्यक्ति को शुभ फल की प्राप्ति होती और धन संपत्ति में अच्छी वृद्धि होती है। इस दिन किए गए अच्छे कार्यों को फल कई गुना बढ़कर मिलता है और सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

पूर्णिमा का दिन प्रकृति की शक्ति का प्रतीक भी बनता है दरअसल पूर्णिमा के दिन सूर्य और चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल के से समुद्र में ऊंचे ऊंचे ज्वार आते हैं। इसके अलावा यह दिन सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति प्राप्त करने के लिए उत्तम माना जाना है।



नीतिका शर्मा
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

# 10 को मनाई जाएगी पुत्रदा एकादशी



सनातन धर्म में पौष महीने का विशेष महत्व है। यह महीना सूर्य देव को समर्पित होता है। इस महीने में प्रतिदिन सूर्य देव की उपासना की जाती है। सूर्य देव की पूजा करने से आरोग्यता का वरदान मिलता है। साथ ही करियर में भी सफलता मिलती है। साधक पौष महीने में प्रतिदिन सूर्य देव की पूजा-उपासना करते हैं। पौष महीने में पुत्रदा एकादशी मनाई जाती है। यह पर्व हर वर्ष पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। साथ ही एकादशी का व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक को अमोघ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं।

**पौष पुत्रदा एकादशी शुभ मुहूर्त**

पौष माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन पुत्रदा एकादशी मनाई जाती है। इस साल पौष पुत्रदा एकादशी 10 जनवरी को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार, पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 09 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 22 मिनट पर होगी। वहीं, 10 जनवरी को सुबह 10 बजकर 19 मिनट पर एकादशी तिथि का समापन होगा। साधक स्थानीय पंचांग के अनुसार व्रत रख सकते हैं।

**पौष पुत्रदा एकादशी का महत्व**

सनातन धर्म में पौष पुत्रदा एकादशी का विशेष महत्व है। इस व्रत को करने से पुत्र रत्न की प्राप्ति होती है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि पौष पुत्रदा एकादशी व्रत करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। साथ ही घर में सकारात्मक शक्ति का संचार होता है। इस व्रत को करने से सभी प्रकार के मानसिक एवं शारीरिक कष्ट भी दूर हो जाते हैं। शास्त्रों में निसंतान दंपति एवं नवविवाहित साधकों को पौष पुत्रदा एकादशी व्रत करने की सलाह है।

**पारण**

पौष पुत्रदा एकादशी का पारण 11 जनवरी की सुबह 07 बजकर 15 मिनट से 08 बजकर 21 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं। साधक इस शुभ अवसर पर साधक पूजा-पाठ कर अन्न दान कर व्रत खोल सकते हैं।

**पंचांग**

सूर्योदय – सुबह 07 बजकर 15 मिनट पर
सूर्यास्त – शाम 05 बजकर 42 मिनट पर
चंद्रोदय– दोपहर 02 बजकर 06 मिनट पर
चंद्रास्त– सुबह 04 बजकर 47 मिनट पर

**शुभ समय**

ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 05 बजकर 27 मिनट से 06 बजकर 21 मिनट तक

विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 13 मिनट से 02 बजकर 55 मिनट तक

गोधूलि मुहूर्त – शाम 05 बजकर 40 मिनट से 06 बजकर 07 मिनट तक

# अर्जुन को किससे मिला था किन्नर बनने का श्राप, जो बाद में बन गया वरदान



हिंदू धर्म ग्रंथों में ऐसी कई पौराणिक कथाएं मौजूद हैं, जो ज्ञान का भंडार भी हैं। इसी तरह महाभारत काल में ऐसी कई घटनाएं घटी हैं, जो व्यक्ति को चकित करने के साथ-साथ कुछ-न-कुछ शिक्षा भी देती हैं। आज हम आपको पांडवों में से एक धनुर्धर अनुर्ज से जुड़ी एक कथा बताने जा रहे हैं, जो काफी रोचक है।

**क्यों मिला अर्जुन का श्राप**

महाभारत की कथा के अनुसार, एक बार अर्जुन स्वर्गलोक में देवराज इंद्र से अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने संगीत और नृत्य की भी शिक्षा ली। तब स्वर्गलोक की सबसे सुंदर अप्सरा उर्वशी उसपर मोहित हो गई। उर्वशी ने अर्जुन से प्रेम निवेदन किया, लेकिन अर्जुन ने उन्हें माता कह दिया।

इससे उर्वशी बहुत ही क्रोधित हो गई और उसने अर्जुन को यह श्राप दिया कि तुम एक साल तक किन्नर के रूप में धरती पर रहोगे। जब इंद्र देव ने उर्वशी को यह बात समझाई कि इंद्रदेव के पुत्र होने के नाते अर्जुन ने तुम्हें माता कहा है, तब जाकर उर्वशी का गुस्सा शांत हुआ। तब उर्वशी ने अर्जुन से कहा कि तुम इस श्राप का उपयोग अपनी जरूरत के हिसाब से कर सकोगे।

**किस तरह आया काम**

उर्वशी द्वारा अर्जुन को दिए गए श्राप ने आगे चलकर उसके लिए आशीर्वाद का काम किया। उर्वशी के द्वारा दिए गए श्राप से अर्जुन अज्ञातवास के दौरान अपनी असली पहचान छुपाने में कामयाब रहा और उसने एक किन्नर का रूप धारण किया। इस रूप में उसे बृहन्नला नाम से जाना गया। अज्ञातवास के दौरान बृहन्नला बनकर अर्जुन ने विराट नगर के राजा विराट की पुत्री उत्तरा को नृत्य भी सिखाया। इस प्रकार अर्जुन को मिला श्राप अज्ञातवास में उसके लिए वरदान साबित हुआ।

# करियर में सफलता दिलाएंगे साल के पहले गुरुवार के ये उपाय

## धन-संपत्ति में भी होगी वृद्धि

सनातन धर्म में गुरुवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित है। इस शुभ अवसर पर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है। साथ ही महिलाएं गुरुवार का व्रत रखती हैं। इस व्रत को करने से घर में सुख एवं शांति बनी रहती है। वहीं, धन-संपत्ति एवं यश-कीर्ति में वृद्धि होती है। ज्योतिष भी आर्थिक तंगी से निजात पाने के लिए गुरुवार के दिन लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने की सलाह देते हैं। अगर आप भी करियर में सफलता पाना चाहते हैं, तो गुरुवार के दिन भक्ति भाव से भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय ये उपाय जरूर करें।

**गुरुवार के उपाय**

साल के पहले गुरुवार के दिन स्नान-ध्यान के बाद लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करें। वहीं, पूजा के समय लक्ष्मी नारायण जी को श्रीफल अर्पित करें। भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी को नारियल अति प्रिय है।

अगर आप सुखों में वृद्धि पाना चाहते हैं, तो नए साल के पहले गुरुवार पर भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी को गुड़ मिश्रित खीर का प्रसाद अर्पित करें। इस उपाय को करने से शुक्र मजबूत होता है।

अगर आप भगवान विष्णु की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो गुरुवार के दिन भक्ति भाव से नारायण की पूजा करें। वहीं, पूजा के बाद पीले रंग की चीजें जैसे हल्दी, बेसन, चने की दाल, लड्डू आदि चीजें अर्पित करें।

ज्योतिष कुंडली में गुरु मजबूत करने के लिए गुरुवार के दिन पीले रंग के कपड़े पहनने की सलाह देते हैं। इसके लिए गुरुवार के दिन स्नान-ध्यान के बाद पीले रंग के कपड़े पहनें। इस समय जल में हल्दी मिलाकर सूर्य देव को अर्घ्य दें।



**पंचांग**

सूर्योदय – सुबह 07 बजकर 14 मिनट पर
सूर्यास्त – शाम 05 बजकर 36 मिनट पर
चंद्रोदय– रात 09 बजकर 16 मिनट पर
चंद्रास्त– शाम 08 बजकर 04 मिनट पर

**शुभ समय**

ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 05 बजकर 25 मिनट से 06 बजकर 20 मिनट तक

विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 09 मिनट से 02 बजकर 50 मिनट तक

गोधूलि मुहूर्त – शाम 05 बजकर 34 मिनट से 06 बजकर 01 मिनट तक

# महाकुंभ में नागा साधु क्यों निकालते हैं शाही बारात?

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जल्द महाकुंभ मेले का आयोजन होने जा रहा है। इस बार यह 13 जनवरी से 26 फरवरी, 2025 तक लगेगा। इस त्याग, समर्पण और भक्ति भरे मेले में दुनिया भर के भक्त शामिल होते हैं। यह प्रत्येक12 साल में लगता है। वहीं, इस दौरान कई अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं, जिनमें से एक नागा साधु की शाही बारात भी है, तो चलिए यहां जानते हैं कि महाकुंभ में नागा साधु शाही बारात क्यों निकालते हैं?



**क्यों निकाली जाती है शाही बारात?**

महाकुंभ में नागा साधुओं की शाही बारात निकालने के पीछे एक पौराणिक कथा प्रचलित है। कहा जाता है कि जब देवों के देव महादेव माता पार्वती संग विवाह के लिए कैलाश से अपने ससुराल की ओर चले थे, उस दौरान उनकी भव्य और मनमोहक बारात निकाली गई थी, जिसे देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया था। इस शाही बारात में समस्त देवी-देवता, सुर-असुर और गंधर्व आदि शामिल हुए थे।

कहते हैं कि जब शिव जी देवी पार्वती के साथ वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि नागा साधु वहीं खड़े होकर रो रहे हैं, जिसे देखकर भोलेनाथ ने उसका कारण पूछा, तो सभी नागा साधू ने कहा कि 'वे शिव बारात का हिस्सा न बनने से बेहद दुखी हैं, तब महादेव ने इसका समाधान निकालते हुए साधुओं को ये वचन दिया कि 'जल्दी ही वे भी शाही बारात का हिस्सा बनेंगे और इसमें उनके साथ वह भी साक्षात मौजूद रहेंगे।

**शाही बारात देखने के लाभ**

जब कुछ समय के बाद समुद्र मंथन हुआ, तो उससे अमृत की कुछ बूंदें धरती लोक पर गिरी और उसके बाद पहली बार महाकुंभ का आयोजन किया गया था। इस दौरान शिव जी के कहे अनुसार नागा साधुओं ने शाही बारात निकाली। कहते हैं कि इस पावन बारात को देखने से भो-लेनाथ की कृपा मिलती है। इसके साथ ही जन्मों जन्म के पापों से छुटकारा भी मिलता है।

# नए साल में इन बातों पर करें अमल खुशियों से भरा रहेगा जीवन

टैरो कार्ड रीडिंग की मदद से आप अपने वर्तमान से लेकर भविष्य तक के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं। अगर आप अपने जीवन में अच्छे परिणाम देखना चाहते हैं, तो इसके लिए एंजल की सलाह आपके बहुत काम आ सकती है। तो चलिए जानते हैं आपको किन बातों पर अमल करना चाहिए, ताकि आपको सकारात्मक परिणाम मिलते रहें।

**एंजल आपको सलाह दे रहे हैं कि**

साल के पहले दिन एंजल की सलाह मानकर आपको काफी फायदा मिल सकता है।

साल 2025 का खुले दिल से स्वागत करें। इस साल में नए तरीके, लक्ष्य और अवसर का पूरा लाभ उठाएं।

यह साल अनुशासित, समर्पित और प्रतिबद्ध रहने का साल है।

बोलते समय सावधान रहें।

इस साल निवेश की योजनाएं बना सकते हैं।

यह साल सामाजिक मेलजोल का साल भी होने वाला है।

खास लोगों की मदद करें।

साल के पहले दिन अपने लक्ष्य तय करें।

कल और आज आपके साथ रहे सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करें।

अपनी जीवन यात्रा को सुखद बनाए रखें।

**इन कामों को करने से बचें**

एंजल आपको यह भी बताते हैं कि आज के दिन आपको कौन-से काम नहीं करने चाहिए, वरना आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है –

किसी काम के लिए जिद्दी न बनें।

आक्रामक होना भी आपके लिए ठीक नही हैं।

'अपने मुंह मियां मिट्ठू न बनें।



**रोजाना करें इन मंत्रों का जप**

रोजाना इन मंत्रों का जप करें। इस दौरान मन में ये बाते दोहराएं कि मैं जीवन में मिली हर चीज के लिए आभारी हूं –

ओम नमः शिवाय.
ओम गं गणपतये नमः.
ओम दुम दुर्गाये नमः.
श्रीम
हनुमान चालीसा।


**इस महीने के लिए उपाय**

रोजाना ओम नमः शिवाय और ॐ ह्रीं ताहा मंत्र का जप करें
रोजाना हनुमान चालीसा का भी पाठ करें।
एक टू-डू लिस्ट बनाएं और अपने काम पूरे करें।
पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाएं (रविवार को छोड़कर)
जो आप हासिल करना चाहते हैं, उसके लिए हर दिन अभ्यास करें।
रोज क्वार्ट्ज पहनने से आपको लाभ मिल सकता है।

# लाल किताब के उपाय भर देंगे आपकी तिजोरी

## गुरुवार के दिन बस करना होगा ये काम

लाल किताब की सनातन धर्म में बहुत है। यह पुस्तक वैदिक ज्योतिष शास्त्र पर आधारित है। इस पुस्तक की मदद से आप जीवन की हर समस्या का समाधान पता कर सकते हैं। आप आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो यह किताब इससे निजात दिलाने में असरदार साबित हो सकती है। इस आर्टिकल में हम आपको आसान उपाय बताएंगे, जिससे धन की समस्या दूर हो सकती है।




**इन उपायों को जरूर करें**

घर में सुख-समृद्धि व माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आशीर्वाद पाने के लिए लाल किताब में एक उपाय है। इसमें आपको हर गुरुवार को घर या मंदिर में केले के पेड़ के नीचे घी दीपक जलाना होगा। इसके अलावा आप गुरुवार के दिन ही गाय को आटे की लोई में चने की दाल, गुड़ और हल्दी मिलाकर खिला सकते हैं। इस उपाय से आपकी आर्थिक समस्याएं दूर हो जाएंगी।

**बृहस्पति देव का मिलेगा आशीर्वाद**

लाल किताब में बृहस्पति देव को खुश करने के लिखे हुए हैं। इसमें आपको हर गुरुवार के दिन 'ॐ बृं बृहस्पतये नमः!' मंत्र का जाप कर है। इस वैदिक मंत्र के जाप से आपकी हर समस्या दूर हो सकती है। आपको बृहस्पति देव का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उनकी पूजा के बाद गंध, अक्षत, पीले फूल व पीले रंग मिठाई व पीले रंग का वस्त्र जरूर दान करें।

**कुंडली में मजबूत होगी बृहस्पति की स्थिति**

आपका जीवन कष्टों से भरा हुआ है, तो हो सकता है कि कुंडली में बृहस्पति कमजोर हो। ऐसे में लाल किताब में बताए उपाय के अनुसार आपको हर गुरुवार को गरीबों को केले पीले रंग की मिठाई बांटनी चाहिए। आप गुरुवार के दिन गरीबों या फिर ब्राह्मणों को दही चावल भी खिला सकते हैं। ऐसा करने से कुंडली में बृहस्पति मजबूत हो सकते हैं।

संपादकीय

# एकात्मता का दर्शन है- महाकुंभ

**भारत** की संस्कृति का आधार एकात्मता का स्वर है। भारतीय समाज में जो ऊंच-नीच की बीमारी आई, वह विशेष कालखंड की देन है। सत्य तो यह है कि भारत की संस्कृति में ऊंच-नीच के लिए कोई स्थान नहीं। यह दुनिया की इकलौती संस्कृति है जो कहती है कि हम सबमें ईश्वर का अंश है। यानी जो पिंड तुम्हारा है, वही पिंड मेरा है। भारत का दर्शन न तो जाति के आधार पर और न ही रंग-रूप एवं वेष-भूषा के आधार पर लोगों में विभेद करता है। भारत का दर्शन तो सबको अपना मार्ग चुनने की स्वतंत्रता देता है। यह बात हिन्दुत्व की आलोचना करनेवालों को समझनी चाहिए। हिन्दुत्व और भारतीयता के मूल विचार को समझना है तो उसका एक अवसर महाकुंभ के रूप में आ रहा है। कुंभ ऐसा मेला है, जहाँ भारत के कोने-कोने से लोग आते हैं। सभी जाति-बिरादरी, प्रांत, भाषा और संप्रदाय के लोग कुंभ में शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा है कि "महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है। कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएँ, सैकड़ों संप्रदाय, अनेक अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा"। निःसंदेह, एकात्मता के जो दर्शन महाकुंभ में होते हैं, वह कहीं और नहीं हो सकते। ईशा फांउडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव कहते हैं कि "भारतीय संस्कृति इस धरती पर सबसे जटिल और रंगबिरंगी संस्कृति है। अगर आप गौर से देखें, तो पाएंगे कि हर पचास से सौ किलोमीटर पर लोगों के जीने का तरीका ही बदल जाता है। एक स्थान ऐसा है जहां इस जटिल संस्कृति को आप वाकई बहुत करीब से देख सकते हैं, वह है-कुंभ मेला"। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सह-सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य कहते हैं कि ऐसा कहा जाता है कि "हमारे यहाँ विविधता में एकता है। वास्तविकता यह है कि भारतीय संस्कृति का एक ही तत्व है, जो विविध रूप में अभिव्यक्त हुआ है। यह एक तत्व अध्यात्म है"। उनकी यह बात सर्वथा उचित है। क्योंकि विविधता को बाह्य आधार पर एक रखना मुश्किल है जबकि आंतरिक तत्व के कारण विविधता में सहज ही एकात्मता रहती है। बहरहाल, वर्तमान परिस्थिति में हिन्दू समाज को महाकुंभ के इस दर्शन से सीख लेकर समाज जीवन में अपना व्यवहार करना चाहिए। हिन्दू समाज को बाँटने के लिए जो ताकतें जोर लगा रही हैं, उन्हें उत्तर देने का संकल्प महाकुंभ में लेना चाहिए। जिस प्रकार हम महाकुंभ में हिन्दू होकर शामिल होते हैं, वही भाव जीवन में रहना चाहिए। हमारी जातीय, भाषायी, प्रांतीय या अन्य पहचान कुछ भी हो सकती है लेकिन हम सब एक हैं। भारतीय संस्कृति के अभिन्न हिस्से हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में एक आग्रह यह भी किया है कि "इस बार जब भी लोग महाकुंभ में शामिल हों तो वह वहाँ से समाज में एकता बनाए रखने का संकल्प लेकर लौटें"। हिन्दू समाज और उसकी संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से 8वीं शताब्दी में जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने कुंभ के महत्व को स्थापित किया और उसके वास्तविक स्वरूप को उभारा था। जब भारत और हिन्दू धर्म पर आक्रांताओं के आक्रमण हो रहे थे, तब कुंभ मेले हिन्दू धर्म एवं संस्कृति की रक्षा का माध्यम बने। समय की आवश्यकता है कि हम एक बार फिर कुंभ मेले से एकता का संदेश लेकर समाज के बीच में जाएं।

भारत का दर्शन न तो जाति के आधार पर और न ही रंग-रूप एवं वेष-भूषा के आधार पर लोगों में विभेद करता है। भारत का दर्शन तो सबको अपना मार्ग चुनने की स्वतंत्रता देता है। यह बात हिन्दुत्व की आलोचना करनेवालों को समझनी चाहिए। हिन्दुत्व और भारतीयता के मूल विचार को समझना है तो उसका एक अवसर महाकुंभ के रूप में आ रहा है। कुंभ ऐसा मेला है, जहाँ भारत के कोने-कोने से लोग आते हैं। सभी जाति-बिरादरी, प्रांत, भाषा और संप्रदाय के लोग कुंभ में शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा है कि "महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है। कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएँ, सैकड़ों संप्रदाय, अनेक अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा"। नि:संदेह, एकात्मता के जो दर्शन महाकुंभ में होते हैं, वह कहीं और नहीं हो सकते। ईशा फांउडेशन के संस्थापक सद्गुरु जग्गी वासुदेव कहते हैं कि "भारतीय संस्कृति इस धरती पर सबसे जटिल और रंगबिरंगी संस्कृति है।

## भारत के प्रति चीन का आचरण हमेशा ही संदिग्ध रहा है

# ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध निर्माण की चीन ने चली चाल

प्रमोद भार्गव

चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध को बनाने की स्वीकृति दे दी है। इस बांध परियोजना को दुनिया की सबसे बड़ी बांध संरचना परियोजना बताया जा रहा है। इसकी लागत का अनुमान 137 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह जानकारी चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अधिकारी ने देते हुए कहा है कि 'चीन सरकार ने यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बती नाम) के निचले क्षेत्रों में एक जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा। यहां ब्रह्मपुत्र नदी एक बड़ा मोड़ लेती हुई अरुणाचल प्रदेष और फिर बांग्लादेष में बहती है। यह सामाचार हांगकांग से प्रकाषित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपा है।

**चीन** ने भारत के साथ मधुर संबंध बनाने के बीच एक नई विस्तारवादी चाल चल दी। चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध को बनाने की स्वीकृति दे दी है। इस बांध परियोजना को दुनिया की सबसे बड़ी बांध संरचना परियोजना बताया जा रहा है। इसकी लागत का अनुमान 137 अरब अमेरिकी डॉलर है। यह जानकारी चीन की सरकारी समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अधिकारी ने देते हुए कहा है कि 'चीन सरकार ने यारलुंग जांग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र नदी का तिब्बती नाम) के निचले क्षेत्रों में एक जल विद्युत परियोजना के निर्माण को मंजूरी दी है। यह बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा। यहां ब्रह्मपुत्र नदी एक बड़ा मोड़ लेती हुई अरुणाचल प्रदेष और फिर बांग्लादेष में बहती है। यह सामाचार हांगकांग से प्रकाषित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपा है। भारत के प्रति चीन का आचरण हमेषा ही संदिग्ध रहा है। चीन इस नाते अपने हितों और विकास के लिए जो भी निर्णय लेता है, वे सीमाई देशों के लिए संकट का सबब बन जाते हैं। ऐसी शंकाएं इसलिए पैदा होती हैं, क्योंकि चीन भारत के सीमावर्ती क्षेत्र में कभी गलवान में सैनिक घुसपैठ कराता है, तो कभी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर गांव बसा देता है। उसके ये कृत्य उसकी साम्राज्यवादी मंषा उजागर करने वाले हैं। अब ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया की सबसे बड़ा बांध बनाने की मंषा ने भारत और बांग्लादेष की चिंता बढ़ा दी है। बताया जा रहा है कि बांध में भरे पानी से चीन प्रतिवर्ष 300 अरब किलोवाट प्रतिघंटे बिजली पैदा करेगा। सिंचाई के लिए भी यह जल उपयोग में लाया जाएगा। इसके पहले से भी चीन ब्रह्मपुत्र के मूल उद्गम स्थल यारलुंग जांग्बो नदी पर 60 हजार मेगावाट क्षमता का जल विद्युत संयंत्र लगा रहा है ।इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए वह विशालकाय बांध के निर्माण में लगा है। आशंका है कि चीन इस बांध में भरे जाने वाले जल का इस्तेमाल भारत के विरुद्ध जल युद्ध के रूप में कर सकता है। इसकी काट के लिए भारत ने अरुणाचल प्रदेश के अपर सियांग क्षेत्र में 11,200 मेगावाट क्षमता की पनबिजली परियोजना पर काम शुरू कर दिया है ।1.10 लाख करोड़ रुपए की इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (पीएफआर) भी बन गई है ।एक अन्य 9,380 मेगावाट क्षमता की पनबिजली परियोजना अरुणाचल



में पहले से ही निर्माणाधीन है। इस पहल से चीन शिनजियांग के रेगिस्तानी इलाके को उपजाऊ भूमि में बदलना और इस क्षेत्र की आबादी को पेयजल उपलब्ध कराना चाहता है। दक्षिणी तिब्बत की यारलुंग जांग्बो नदी के जल प्रवाह को रेगिस्तान की ओर मोड़ा जाएगा। इसे मोड़ने के लिए चीन के अभियन्ता ऐसी तकनीकों के परीक्षण में जुटे हैं, जिनका प्रयोग कर ब्रह्मपुत्र नदी के जलप्रवाह को 1000 किमी लम्बी सुरंग बनाकर मोड़ दिया जाए। इस योजना के जरिए चीन की मंशा अरुणाचल प्रदेश की सीमा से लगे तिब्बत से शिनजियांग में पानी ले जाने की है। भारत सरकार के साथ दुनिया भर के पर्यावरण प्रेमी चिन्तित हुए थे, क्योंकि सुरंग खुदाई से हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा ।लेकिन चीन ने अपने रुख में बदलाव नहीं किया ।हालांकि ब्रह्मपुत्र नदी द्वारा कई बाँध बनाए जाने को लेकर भारत बीजिंग को पहले ही अपनी चिन्ताओं से अवगत करा चुका है। ब्रह्मपुत्र नदी के पानी को लेकर चीन का भारत से ही नहीं बांग्लादेश से भी विवाद है। इस नदी पर कई बाँध बनाकर चीन ने ऐसे जल प्रबन्ध कर लिये हैं कि वह जब चाहे तब भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह को रोक दे और जब चाहे तब ज्यादा पानी छोड़कर ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे बसे इलाकों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न कर दे। चीन ने ऐसी हरकत करते हुए साल 2016 में भारत में जलापूर्ति करने वाली ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी जियाबुकू का पानी रोक भी दिया था ।चीन यदि बांधों से ज्यादा पानी छोड़ देता है तो यह पूर्वोत्तर भारत की कृषि व्यवस्था तहस नहस कर सकता है। चीन के बांध भारत की पर्यावर्णीय व्यवस्था पर भी विपरीत असर डाल सकते हैं। एशिया की सबसे लम्बी इस नदी की लम्बाई 3000 किमी है। इसी की सहायक नदी जियाबुकू है। जिस पर चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट बना रहा है। दुनिया की सबसे लम्बी नदियों में 29वाँ स्थान रखने वाली ब्रह्मपुत्र 1625 किमी तिब्बत क्षेत्र में बहती है। इसके बाद 918 किमी भारत और 363 किमी की लम्बाई में बांग्लादेश में बहती है। समुद्री तट से 3300 मीटर की ऊँचाई पर तिब्बती क्षेत्र में बहने वाली इस नदी पर चीन ने 12वीं पंचवर्षीय योजना के तहत तीन पनबिजली परियोजनाएँ निर्माण के प्रस्ताव पहले ही मंजूर कर चुका है और अब नए बांध निर्माण को मंजूरी दे दी है। चीन इन बाँधों का निर्माण अपनी आबादी के लिये व्यापारिक, सिंचाई, बिजली और पेयजल समस्याओं के निदान के उद्देश्य से कर रहा है, लेकिन उसका इन बाँधों और जल सुरंगों के निर्माण की पृष्ठभूमि में छिपा एजेंडा, खासतौर से भारत के खिलाफ जल हथियार के रूप में रणनीतिक इस्तेमाल भी हो सकता है ? दरअसल चीन में बढ़ती आबादी के चलते इस समय 886 शहरों में से 110 शहर पानी के गंभीर संकट से जूझ रहे हैं ।उद्योगों और कृषि सम्बन्धी जरूरतों के लिये भी चीन को बड़ी मात्रा में पानी की जरूरत है। चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का अनूठा इस्तेमाल करते हुए अपने शिनजियांग, जांझु और मंगोलिया इलाकों में फैले व विस्तृत हो रहे रेगिस्तान को भी नियंत्रित करना चाहता है। चीन की यह नियति रही है कि वह अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिये पड़ोसी देशों की कभी परवाह नहीं करता ।चीन ब्रह्मपुत्र के पानी का मनचाहे उद्देश्यों के लिये उपयोग करता है तो तय है, अरुणाचल में जो 17 पनबिजली परियोजनाएँ प्रस्तावित व निर्माणाधीन हैं, वे सब अटक प्रभावित हो सकती हैं ? ये परियोजनाएँ पूरी हो जाती हैं और ब्रह्मपुत्र से इन्हें पानी मिलता रहता है तो इनसे 37,827 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बिजली से पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में बिजली की आपूर्ति तो होगी ही, पश्चिम बंगाल और ओड़ीसा को भी अरुणाचल बिजली बेचने लग जाएगा ।चीन अरुणाचल पर जो टेढ़ी निगाह बनाए रखता है, उसका एक बड़ा कारण अरुणाचल में ब्रह्मपुत्र की जलधारा ऐसे पहाड़ व पठारों से गुजरती है, जहाँ भारत को मध्यम व लघु बाँध बनाना आसान है। ये सभी बाँध भविष्य में अस्तित्व में आ जाते हैं और पानी का प्रवाह बना रहता है तो पूर्वोत्तर के सातों राज्यों की बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसे बुनियादी समस्याओं का समाधान हो जाएगा।

दृष्टि कोण

# आर्सेनिक की अधिकता से जीवन पर संकट

**देश** के भूजल में आर्सेनिक की मात्रा लगातार बढ़ती जा रही है। आज देश के 25 राज्यों के लगभग 230 जिले भूजल में बढ़ती आर्सेनिक समस्या से पीड़ित हैं। दुनिया भर में देखें तो लगभग 50 करोड़ लोग भूजल में आर्सेनिक की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे पिगमेंटेशन, हाइपरकेराटोसिस, अल्सरेशन, त्वचा कैंसर, किडनी कैंसर, फेफड़ों का कैंसर के अलावा अब हृदय, लीवर, त्वचा के रंग में परिवर्तन, हथेलियों और तलवों पर सख्त धब्बे, पैरों की रक्तवाहिकाओं और मूत्राशय संबंधी बीमारियां हो रही हैं। वैज्ञानिकों ने आर्सेनिक युक्त दूषित पानी पीने से मधुमेह, उच्च रक्तचाप और प्रजनन संबंधी बीमारियों की आशंका भी जताई है। देश में कोलकाता का नाम आर्सेनिक से प्रदूषित शहरों में शीर्ष पर है। इस समय, देश के 27 राज्यों के 469 जिले फ्लोराइड से संदूषित हैं। भारत में भूजल में आर्सेनिक की मात्रा स्वीकार्य सीमा से काफी अधिक है, जिससे पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, असम, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और कर्नाटक सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। भारत में आर्सेनिक से प्रभावित लोगों की संख्या 5 करोड़ से अधिक है। आज असलियत में गंगा-मेघना-ब्रह्मपुत्र के मैदान का उत्तराखंड से लेकर पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश सहित देश के पूर्वोत्तर के राज्य का भूजल आर्सेनिक से दूषित है। बांग्लादेश, भूजल में सर्वाधिक आर्सेनिक प्रदूषित देशों की सूची में शीर्ष पर है। दरअसल, भूजल में आर्सेनिक की मौजूदगी मुख्यतः 100 मीटर गहराई तक के जल में बनी रहती है। इससे गहरा जल आर्सेनिक से मुक्त रहता है लेकिन सबसे ज्यादा भूजल का उपयोग 100 मीटर तक के जल का होता है, इसलिए इसमें ही आर्सेनिक का प्रभाव सबसे ज्यादा रहता है। आर्सेनिक से दूध भी अछूता नहीं है। चूंकि आर्सेनिक युक्त भूजल का उपयोग सिंचाई कार्यों में भी होता है, इसलिए अकार्बनिक तत्व पौधों के शरीर में पहुंचकर जड़ों, तनों और पत्तियों के माध्यम से आगे बढ़ते हैं। और अंत में अनाज और सब्जियों में जाकर जमा हो जाते हैं। दरअसल, पानी में घुलनशील अकार्बनिक आर्सेनिक बहुत ही ज़हरीला होता है। इसके सेवन से जठरांत्र रोग सम्बन्धी लक्षण से मृत्यु तक हो जाती है। गौरतलब है कि चट्टानों और खनिजों के अपक्षय के दौरान आर्सेनिक मिट्टी और भूजल में प्रवेश करता है। यह मानवजनित स्रोतों से मिट्टी और भूजल में प्रवेश करता है। यह पर्यावरण के लिए भी खतरा है। क्योंकि आर्सेनिक उच्च तापमान प्रक्रियाओं जैसे कि कोयला आधारित बिजली संयंत्रों, वनस्पतियों को जलाने और ज्वालामुखी विस्फोट द्वारा वायुमंडल में उत्सर्जित होता है। पानी में विशेष रूप से भूजल में, जहां सल्फाइड खनिज जमा होते हैं और ज्वालामुखीय चट्टानों से निकलने वाली तलछट जमा होती है, आर्सेनिक की सांद्रता काफी बढ़ जाती है। दुनियाभर के जलस्तर में आर्सेनिक की बढ़ती मात्रा के चलते कैंसर के रोगियों की तादाद में बढ़ोतरी हो रही है। दुनिया में 2011 और 2019 के दौरान हर साल औसतन आर्सेनिक से हो रहे कैंसर के मामलों में 11.2 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हो रही है। वहीं आर्सेनिक युक्त पानी पीने से किडनी के कैंसर के रोगियों की तादाद में 6 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हो रही है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक इसे सातवां सबसे आम कैंसर माना गया है। अमेरिका के टेक्सास स्थित ए एण्ड एम यूनिवर्सिटी स्कूल आफ पब्लिक हैल्थ के वैज्ञानिकों के अनुसार आर्सेनिक युक्त पानी से किडनी के कैंसर का खतरा दो गुना हो जाता है। शोध में खुलासा हुआ है कि जिन क्षेत्रों में बसी आबादी जलाशयों, कुएं या फिर नदियों पर निर्भर हैं, वहां कैंसर का जोखिम 22 फीसदी अधिक पाया गया है। इससे किडनी या फेफड़े के कैंसर की संभावना बलवती हो जाती है। समूची दुनिया में 40 मिलियन से अधिक लोग पीने के पानी के लिए टैंकर या हैंडपंप के पानी पर निर्भर हैं। इससे आर्सेनिक के संपर्क में आने की प्रबल संभावना रहती है। वास्तव में, आर्सेनिक प्राकृतिक रासायनिक तत्व है। इसे ज़हरीली धातु माना जाता है। पानी से आर्सेनिक हटाने की दिशा में इस्तेमाल किए जाने वाले तरीकों में सोखना, आसवन और आयन एक्सचेंज में रिवर्स आस्मोसिस यानी आरओ जल निष्पादन प्रणाली सबसे बेहतर है। इससे आर्सेनिक जैसे घुले प्रदूषक हटा दिये जाते हैं। हानिकारक आर्सेनिक से पानी को मुक्त करके पानी को पीने योग्य बनाया जा सकता है। यह प्रणाली पानी को अर्धपारगम्य झिल्ली के माध्यम से साफ करने हेतु दबाव का काम करती है। आर्सेनिक से दूषित भूजल का जैविक उपचार आर्सेनिक को बायोमास में अवशोषित करके या बायोजेनिक हाइड्रोक्साइड या सल्फ़ाइड के साथ सह अवक्षेपण करके किया जा सकता है।

कुछ अलग

# भारत की कूटनीतिक जीत

**भारत** ने कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान पर बड़ी जीत दर्ज की है। पाकिस्तान लंबे समय से ब्रिक्स समूह का सदस्य बनने का सपना देख रहा था और इसके लिए एड़ी-चोटी का जोर भी लगा रहा था। लेकिन भारत के जोरदार विरोध का ऐसा असर हुआ कि ब्रिक्स की सदस्यता तो दूर पाकिस्तान को सहयोगी देशों की सूची में भी जगह नहीं मिल पाई है। पाकिस्तान के लिए यह एक बड़ा झटका है। ब्रिक्स के 13 नए सहयोगी देशों की घोषणा की गई है, जिसमें सबसे बड़ा लाभ तुर्की को हुआ है। इन दिनों जम्मू-कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाने से परहेज कर रहे तुर्की को सहयोगी देशों में जगह मिल गई है। माना जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर को लेकर तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन के रुख में आए बदलाव की वजह से भारत ने ब्रिक्स में उसकी दावेदारी का विरोध नहीं किया। वहीं, अब पाकिस्तान की अपने ही देश में थू-थू हो रही है। इस मुद्दे पर पाकिस्तान को रूस और चीन का भी सहयोग नहीं मिल सका है। रूस ने घोषणा की है कि ब्रिक्स में जिन 13 देशों को शामिल किया गया है, उनमें अल्जीरिया, बेलारूस, बोलिविया, क्यूबा, इंडोनेशिया, कजाखस्तान, मलेशिया, थाइलैंड, तुर्की, यूगांडा, नाइजीरिया, उज्बेकिस्तान और वियतनाम हैं। ये सहयोगी देश आगे चलकर ब्रिक्स के सदस्य बनेंगे। रूस से इस समाचार के आते ही पाकिस्तान को सांप सूंघ गया है जो चीन के बल पर इस संगठन में शामिल होने के लिए पुरजोर ताकत लगाए हुए था। यही नहीं पाकिस्तान रूस को भी खुश करने में लगा हुआ था ताकि वह भारत पर दबाव डालकर ब्रिक्स की सदस्यता का रास्ता साफ कराए। वहीं भारत अपने पाकिस्तान विरोध पर पूरी ताकत से अड़ा हुआ था। पाकिस्तान की विदेश मामलों की जानकार और चर्चित पत्रकार मरियाना बाबर ने एक्स पर लिखा है, "यह पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की पूरी तरह से विफलता है। वह भी तब जब इशाक डार विदेश मंत्री हैं जिनकी विदेशी मामलों में सबसे कम रुचि है। यहां तक कि नाइजीरिया ने पाकिस्तान से बेहतर किया और उसे ब्रिक्स का सहयोगी देश बना दिया गया है। पाकिस्तान को रूस, चीन और भारत ने ब्रिक्स से बाहर रखा"। याद रखें कि इशाक डार नवाज शरीफ के समधी और मरियम नवाज के ससुर हैं। इशाक डार पहले वित्त मंत्री हुआ करते थे लेकिन अब उन्हें शहबाज शरीफ के विरोध के बाद मजबूरन विदेश मंत्रालय से संतोष करना पड़ रहा है। ये सभी 13 नए देश 1 जनवरी 2025 से ब्रिक्स के सहयोगी देश होंगे। रूस इस समय ब्रिक्स का अध्यक्ष है। स्मरण रखें कि भारत रूस, ब्राजील, चीन और दक्षिण अफ्रीका के साथ ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य देश है। ब्रिक्स का नियम है कि इस संगठन में नए सदस्य को शामिल करने को लेकर आम सहमति जरूरी है, ऐसे में भारत के सख्त रुख ने पाकिस्तान के लिए दरवाजे बंद कर दिए। वह भी तब जब चीन और उसके दबाव में रूस पाकिस्तान का समर्थन कर रहे थे। कई विश्लेषकों का कहना है कि अगर पाकिस्तान ब्रिक्स में शामिल होता तो इससे उसे काफी आर्थिक और राजनयिक लाभ मिलता। लेकिन भारत ने तय किया है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद की राह नहीं छोड़ेगा, भारत वैश्विक मंच पर उसे अलग-थलग करने के लिए यथासंभव प्रयास करेगा। वैश्विक राजनीति में आज भारत की जो स्थिति है, उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि पाकिस्तान के लिए आगे की राह भी कठिन है।

देश दुनिया से

# विरोध-प्रतिरोध के बीच पनपता जीवंत लोकतंत्र

**राजनीतिक**, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से 2024 का साल भारत के लिए घटनाओं और उपलब्धियों से भरा रहा। आर्थिक मोर्चे पर भारत का उदय नए पावर हाउस के रूप में हो रहा है, पर साल की सबसे बड़ी गतिविधि राजनीति से जुड़ी थी। 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को पूरा हुआ, पर जो परिणाम आए, उनसे नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को धक्का लगा। हालांकि, नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला, पर अब भाजपा के पास पूर्ण बहुमत न होने से वह अपने सहयोगी दलों का सहारा ले रही है। बीजेपी को सबसे बड़ा धक्का उत्तर प्रदेश में लगा है, जहां के कुल 80 क्षेत्रों में से उसे केवल 33 में विजय मिली। समाजवादी पार्टी ने राज्य में 37 सीटों पर जीत हासिल करके भाजपा को दूसरे स्थान पर धकेल दिया। यह अप्रत्याशित था। राहुल गांधी के लिए भी व्यक्तिगत रूप से इस बार का चुनाव लाभकारी रहा। वर्ष 2019 में उन्हें अमेठी से हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस बार उन्होंने अमेठी से वापसी की। नेहरू-गांधी परिवार की एक अन्य सदस्य प्रियंका गांधी वाड्रा ने इस साल सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया। लोकसभा चुनाव में अमेठी और वायनाड दोनों सीटों पर जीत के बाद राहुल गांधी ने वायनाड की सीट को छोड़ दिया, जहां से प्रियंका गांधी जीतकर आईं। लोकसभा चुनाव के परिणामों ने एकबारगी यह सोचने को मज़बूर किया कि क्या बीजेपी की विजय के चक्के ने अब उल्टी दिशा में घूमना शुरू कर दिया है? पर ऐसा भी नहीं है। इस वर्ष आंध्र प्रदेश, अरुणाचल, ओडिशा, सिक्किम, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभाओं के चुनाव भी हुए। जम्मू-कश्मीर में एक दशक के बाद विधानसभा चुनाव हुआ था। राज्य में अनुच्छेद 370 हटने के बाद यह पहला चुनाव था। इस बार मतदाताओं ने वोटिंग के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शानदार वापसी की। वहीं हरियाणा, जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र और खासतौर से महाराष्ट्र के परिणामों ने बीजेपी को भारी राहत प्रदान की। प्रधानमंत्री बनने के नरेंद्र मोदी ने गृह, रक्षा, वित्त और विदेश विभाग अपने उन्हीं सहयोगियों को सौंपे जो पिछले कार्यकाल में उनके मंत्री थे। इससे उन्होंने यह ज़ाहिर कर दिया कि जैसा चल रहा था, वैसा ही चलेगा। बहरहाल केंद्र में गठबंधन की मजबूरियों के कारण इस सरकार को अब अगले चार साल तक अपने राजनीतिक-कार्यक्रमों को लागू करने में वैसी स्वतंत्रता नहीं होगी, जैसी पिछले दस वर्षों में रही। साल के अंत में सरकार ने 'एक देश, एक चुनाव' कार्यक्रम के साथ संविधान-संशोधन का विधेयक पेश किया है। उसे फिलहाल संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया गया है। अब उसे पास कराने के लिए जिस विशेष दो-तिहाई बहुमत की जरूरत भविष्य में होगी, उसके लिए सरकार को अपने गठबंधन सहयोगियों के अलावा दूसरे दलों के समर्थन की जरूरत भी होगी। साल की शुरुआत 22 जनवरी को अयोध्या के राममंदिर की स्थापना के साथ हो गई। लगता था कि अयोध्या-विवाद का समाधान हो जाने के बाद बीजेपी के पास एक मसला कम हो गया है, पर ऐसा है नहीं। वाराणसी के ज्ञानवापी, मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि, राजस्थान के अजमेर शरीफ़ और अब संभल के विवादों ने राष्ट्रीय-परिदृश्य को घेर लिया है। इन विवादों के संदर्भ में साल के आखिरी महीने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के एक बयान ने एक और बहस को जन्म दे दिया है, जो संभवतः अगले साल के राष्ट्रीय-परिदृश्य को प्रभावित करती रहेगी। मोहन भागवत ने 19 दिसंबर को पुणे में 'हिंदू सेवा महोत्सव' के उद्घाटन के दौरान कहा, 'मंदिर-मस्जिद के रोज़ नए विवाद निकालकर कोई नेता बनना चाहता है तो ऐसा नहीं होना चाहिए, हमें दुनिया को दिखाना है कि हम एक साथ रह सकते हैं। अब वर्चस्व का ज़माना ख़त्म हो गया है। यह सब पुरानी लड़ाइयां हैं, इन्हें भूलकर हमें सबको संभालना चाहिए।' भागवत के बयान पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कुछ धर्माचार्यों की प्रतिक्रियाओं ने उत्तर भारत के सर्द माहौल में गर्मी पैदा कर दी है। इस गर्मी के साथ साल के अंत में डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर पैदा हुई तल्खी भी साल की महत्वपूर्ण घटनाओं में एक है। अंबेडकर की विरासत को लेकर राजनीति में तूफान आया हुआ है। अमित शाह की टिप्पणी के बाद संसद के परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान दोनों पक्षों के बीच हाथापाई तक हुई। अगले साल की पहली तिमाही में ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं, इसलिए यकीनन सभी दल इस मुद्दे को उठाना जारी रखेंगे। इस तूफान के लक्षण 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले प्रकट होने लगे थे, जब कांग्रेस ने जाति और संविधान की रक्षा को अपना मुद्दा बनाया। कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी '400 पार' इसलिए चाहती है, ताकि वह संविधान को खत्म कर सके। संविधान खत्म होगा, तो आरक्षण भी खत्म हो जाएगा। माना जाता है कि आरक्षण खत्म होने के भय ने दलित वोटर को 'इंडिया' गठबंधन की शरण में जाने को प्रेरित किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और जेल से बाहर आने के बाद उनके इस्तीफे ने भी राजनीतिक गलियारों में हलचल मचाई है। केजरीवाल के अलावा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी इस साल जेल जाना पड़ा, पर विधानसभा चुनाव में उनकी जीत ने इस कष्ट को काफी कम कर दिया। चुनाव का वर्ष होने के कारण इस साल पहले फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया और फिर नई लोकसभा के गठन के बाद जुलाई में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पूर्ण बजट पेश किया। आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति के क्षेत्र में यह साल भारत के लिए उत्साहवर्धक रहा।



आप का नजरिया

# मौत के बोरवेल

**ऐसे** समय में जब देश-दुनिया नये साल के जश्न में डूबने जा रही है मध्यप्रदेश व राजस्थान में खुले बोरवेल में गिरने से हुई दो बच्चों की मौत विचलित करती है। राजस्थान के दोसा जिले और मध्यप्रदेश के गुना की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं। गाहे-बगाहे ऐसी खबरें पूरे देश से आती हैं। यह सोचकर ही मन सिहर उठता है कि कोई बच्चा कैसे एक अंधी सुरंग में भूखे-प्यासे, अपर्याप्त ऑक्सीजन व बिना हिले-डुले कुछ दिन मौत की प्रतीक्षा करता होगा। भय व घुप्प अंधेरे में बच्चा किन मानसिक व शारीरिक यातनाओं से गुजरता होगा, सोचकर भी डर लगता है। लेकिन फिर भी हमारा संवेदनहीन समाज व लापरवाह तंत्र इस त्रासदी को गंभीरता से नहीं लेता। जिस बोरवेल को खुदवाने में लाखों रुपये खर्च होते हैं, उसका मुंह बंद करने के लिये चंद रुपये खर्च करने में लोग आपराधिक लापरवाही दिखाते हैं। राजस्थान के कोटपुतली में बोरवेल में गिरी तीन साल की बच्ची को एक सप्ताह बाद भी न निकाला जाना तंत्र की विफलता को दर्शाता है। निस्संदेह, यह अभियान जटिल बताया जाता है और बारिश ने राहत कार्य में बाधा डाली, लेकिन शुरुआत में प्रशासन की शिथिलता पर सवाल उठे हैं। ऐसे अभियानों में राष्ट्रीय आपदा निरोधक बल तथा स्थानीय सुरक्षा बलों की नाकामी गाहे-बगाहे उजागर होती रहती है। निस्संदेह, ऐसे संकटों में तत्काल कार्रवाई और राहत- बचाव कार्य को आधुनिक तकनीक से शुरू करने की जरूरत महसूस की जाती रही है। यही वजह है कि आए दिन होने वाले बोरवेल हादसों के मद्देनजर देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2010 में इस बाबत दिशानिर्देश जारी किए थे ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके। जिसमें बोरवेल के चारों ओर बाड़ लगाने तथा मजबूत बोल्ट के साथ स्टील कवर लगाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद आए दिन बोरवेल में बच्चों के गिरने के मामले सामने आ रहे हैं। जाहिर किसान व स्थानीय प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर रहे हैं। अन्यथा ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न होती। निस्संदेह, देश के विभिन्न भागों में बोरवेल हादसों का सामने आना जहां निगरानी करने वाले विभागों की लापरवाही को दर्शाता है, वहीं उन लोगों के आपराधिक कृत्य को भी दर्शाता है, जो बोरवेल का मुंह खुला छोड़ देते हैं। वहीं हादसे हमारे समाज में चेतना के अभाव को भी दर्शाते हैं कि खुले बोरवेल के खिलाफ आम लोगों के स्तर पर आवाज नहीं उठायी जाती। यह भी उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग राज्यों का विषय होने के कारण इसमें केंद्र सरकार का दखल नहीं हो पाता। एक अनुमान के अनुसार देश में करीब पौने तीन करोड़ बोरवेल हैं। जिसमें से बड़ी संख्या में सूख चुके हैं। जिन्हें गैरजिम्मेदार लोगों द्वारा खुला छोड़ दिया जाता है, जो कालांतर हादसे की वजह बन जाते हैं। विडंबना यह भी है कि एनडीआरएफ द्वारा चलाये जाने वाले ऐसे राहत व बचाव के दो तिहाई अभियान नाकाम रहते हैं। दरअसल, सभी राज्यों में ऐसे मामलों में बच्चों की जान बचाने से जुड़े सुरक्षा उपाय हर जिले के अधिकारियों को एक मैनुअल के रूप में दिए जाने चाहिए। ताकि किसी हादसे के बाद राहत-बचाव कार्य तुरंत शुरू करके बच्चों को बचाया जा सके।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आपके माता पिता आपकी फिजूलखर्ची को देखकर आज चिंतित हो सकते हैं और इसलिए आपको उनके गुस्से का शिकार भी होना पड़ सकता है। आज आप सामाजिक कार्यों पर ज़्यादा ध्यान देंगे और ज़रूरतमंदों की मदद करने की कोशिश करेंगे। आज आप अपने किसी वादे को पूरा नहीं कर पाएंगे जिसकी वजह से आपका प्रेमी आपसे नाराज हो जाएगा। नए संपर्क बनाने और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए की गयी यात्रा फलदायी साबित होगी। आज आप सब कामों को छोड़कर उन कामों को करना पसंद करेंगे जिन्हें आप बचपन के दिनों में करना पसंद करते थे।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपने धन का संचय कैसे करना है यह हुनर आज आप सीख सकते हैं और इस हुनर को सीख कर आप अपना धन बचा सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में अचानक आई कोई अच्छी ख़बर पूरे परिवार को ख़ुशी देगी। व्यवसाय में किसी धोखेबाज़ी से बचने के लिए अपने आँख–कान खुले रखें। अगर आपके पास हालात से उबरने के लिए दृढ़ इच्छा–शक्ति है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। आप अपने जीवनसाथी को समझने में आपसे ग़लती हो सकती है, जिसकी वजह से सारा दिन उदासी में गुज़रेगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज अपने घर के उन सदस्यों से दूर रहना चाहिए जो आपसे पैसा मांगते हैं और फिर लौटाते नहीं हैं। सही समय पर आपकी सहायता किसी को बड़ी परेशानी से बचा सकती है। दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है, जिसे आप हमेशा से करना चाहते थे। अगर आप अपने घर से बाहर रहकर अध्ययन या नौकरी करते हैं तो आज के दिन आप खाली समय में अपने घर वालों से बात कर सकते हैं। घर की किसी खबर को सुनकर आप भावुक भी हो सकते हैं। कई लोग साथ तो रहते हैं, लेकिन उनके जीवन में रोमांस नहीं होता। लेकिन यह दिन आपके लिए बेहद रोमानी होने वाला है।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। आप अनुभव करेंगे कि आपका जीवन अधिक अर्थपूर्ण हो रहा है। अपनी दीवानगी को क़ाबू में रखें, नहीं तो यह आपके प्रेम–संबंध को मुश्किल में डाल सकती है। कार्यक्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए अपनी क्षमताओं को मांजने की कोशिश करें। अगर आप किसी विवाद में उलझ जाएँ तो तल्ख़ टिप्पणी करने से बचिए। पड़ोसियों का दख़ल शादीशुदा ज़िन्दगी में दिक़्क़त पैदा करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आप व आपके जीवनसाथी के बीच का बंधन बहुत मज़बूत है और इसे तोड़ना आसान नहीं है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

परिवार के किसी सदस्य के बीमार पड़ने की वजह से आपको आर्थिक परेशानी आ सकती है, हालांकि इस वक्त आपको धन से ज्यादा उनकी सेहत की चिंता करनी चाहिए। घर में तालमेल बनाए रखने के लिए साथ में मिलकर काम करें। हालाँकि प्यार में निराशा हाथ लग सकती है किसी भी तरह की साझीदारी करने से पहले उसके बारे में अपनी अंदरूनी भावना की बात ज़रूर सुनें। आज आपको ढेरों दिलचस्प निमंत्रण मिलेंगे– साथ ही आपको एक आकस्मिक उपहार भी मिल सकता है। जीवनसाथी के साथ एक आरामदायक दिन बीतेगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। अपने जीवन–साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। आज कार्यक्षेत्र में अचानक आपके काम की छानबीन हो सकती है। ऐसे में अगर आपने कोई गलती की होगी तो आपको इसका भुगतान करना पड़ सकता है। इस राशि के कारोबारी आज अपने कारोबार को नई दिशा देने के बारे में विचार कर सकते हैं। जीवन साथी की किसी बात को गंभीरता से न लेने की स्थिति में विवाद हो सकता है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज आप अपना धन धार्मिक कार्यों में लगा सकते हैं जिससे आपको मानसिक शांति मिलने की पूरी संभावना है। पारिवारिक सदस्यों से मतभेद ख़त्म कर आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं। आप क़ामयाबी ज़रूर हासिल करेंगे – बस एक–एक करके महत्वपूर्ण क़दम उठाने की ज़रूरत है। आपके पास समय तो होगा लेकिन बावजूद इसके भी आप कुछ ऐसा नहीं कर पाएंगे जो आपको संतुष्टि दे। कोई रिश्तेदार अचानक आपके घर आ सकता है, जिसके चलते आपकी योजनाएँ गड़बड़ा सकती हैं।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

शाम के समय थोड़ा आराम कीजिए। कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के ज़रिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में भली–भांति जाँच–पड़ताल कर लें। पारिवारिक मोर्चे पर समस्याएँ मुँह बाए खड़ी हैं। पारिवारिक ज़िम्मेदारियों की अनदेखी आपको सबकी नाराज़गी की केंद्र बना सकती है। आज किसी ऐसे इंसान से मिलने की संभावना है जो आपके दिल को गहराई से छूएगा। लेकिन आप अकेले तो होंगे लेकिन शांत नहीं आपके दिल में आज के दिन कई चिंताएं हैं होंगी।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आप घूमने–फिरने और पैसे ख़र्च करने के मूड में होंगे– लेकिन अगर आपने ऐसा किया तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। दिन चढ़ने पर किसी पुराने दोस्त से सुखद मुलाक़ात होगी। आज आपकी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता को काफ़ी सराहना मिलेगी और इसके चलते अचानक लाभ मिलने की संभावना भी है। आज काफ़ी दिमाग़ी कसरत मुमकिन है। आपमें से कुछ शतरंज खेल सकते हैं, वर्ग–पहेली हल कर सकते हैं, कोई कविता–कहानी लिख सकते हैं या भविष्य की योजनाओं पर गहराई से सोच सकते हैं। किसी पड़ोसी, दोस्त या रिश्तेदार की वजह से वैवाहिक जीवन में अनबन मुमकिन है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज आप उम्मीदों की जादुई दुनिया में हैं। आपके द्वारा धन को बचाने के प्रयास आज असफल हो सकते हैं हालांकि आपको इससे घबराने की जरुरत नहीं है स्थिति जल्द ही सुधरेगी। परिवार के सदस्य सहयोगी होंगे, लेकिन उनकी काफ़ी सारी मांगें होंगी। आज आपकी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता को काफ़ी सराहना मिलेगी और इसके चलते अचानक लाभ मिलने की संभावना भी है। आज खाली वक़्त किसी बेकार के काम में खराब हो सकता है। ज़िन्दगी बहुत ख़ूबसूरत नज़र आएगी, क्योंकि आपके जीवनसाथी ने आपके लिए कुछ ख़ास योजना बनाई है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज धन की बहुत आवश्यकता पड़ेगी लेकिन बीते दिनों में किये गये फिजुलखर्च के कारण उनके पास पर्याप्त धन नहीं होगा। किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी ख़बर आपके पूरे परिवार के लिए ख़ुशी के लम्हे लाएगी। आपके बॉस किसी भी बहाने में दिलचस्पी नहीं ज़ाहिर करेंगे– इसलिए निगाहों में बने रहने के लिए अपना काम अच्छी तरह से करें। आपको महसूस होगा कि आपका जीवनसाथी इससे बेहतर पहले कभी नहीं हुआ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। लम्बे अरसे को मद्देनज़र रखते हुए निवेश करें। आपको चिंतामुक्त होकर अपने क़रीबी दोस्तों और परिवार के बीच ख़ुशी के लम्हे तलाशने की ज़रूरत है। प्यार का भरपूर लुत्फ़ मिल सकता है। जो कला और रंगमंच आदि से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कई नए मौक़े मिलेंगे। वक्त की नाजाकत को समझते हुए आज आप सब लोगों से दूरी बनाकर एकांत में वक्त बिताना पसंद करेंगे। ऐसा करना आपके लिए हितकर भी होगा। आज से पहले शादीशुदा ज़िन्दगी इतनी अच्छी कभी नहीं रही।

## गुरुवार का पंचांग

दिनांक : 02 जनवरी 2025 , गुरुवार
विक्रम संवत : 2081
मास : पोष , शुक्ल पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 01:10 तक
नक्षत्र : श्रवण रात्रि 11:11 तक
योग : हर्षण दोपहर 02:57 तक
करण : तैतिल दोपहर 01:50 तक
चन्द्रराशि : मकर
सूर्योदय : 06:46, सूर्यास्त 05:53 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:42, सूर्यास्त 06:05 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:36 , सूर्यास्त 05:56 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:36 , सूर्यास्त 05:46 ( विजयवाडा )

शुभ चौघड़िया
शुभ : 06:00 से 07:30
चल : 10:30 से 12:00
लाभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : दोपहर 01:30 से 03:00
शुभ : 04:30 से 06:00
दिशाशूल : दक्षिण दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : धनुर्मास चालू है

पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
